CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 287 राजनांदगांव, शुक्रवार 05 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## दिवाली से पहले खुशियों का डबल धमाका, पीएम मोदी बोले- कांग्रेस ने आपका बजट बढ़ाया, हमने कम किया

नई दिल्ली। जीएसटी में हुए सुधार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार (04 सितंबर, 2025) को कहा कि अगर भारत को वैश्विक स्थिति में उचित स्थान दिलाना है तो समय के साथ बदलाव बहुत जरूरी है।

जीएसटी रिफॉर्म्स पर पीएम मोदी ने कहा, समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी।



### जीएसटी हो गया और भी सरल

पीएम मोदी ने कहा, अब जीएसटी और भी सरल हो गया है। 22 सितंबर को, जो कि नवरात्रि का पहला दिन है, अगली पीढ़ी का सुधार लागू हो जाएगा क्योंकि ये सभी चीजें निश्चित रूप से मातृशक्ति से संबंधित हैं।

### बढ़ जाएगी दिवाली की रौनक

उन्होंने कहा, इस बार धनतेरस की रौनक भी और ज्यादा रहेगी। क्योंकि दर्जनों चीजों पर टैक्स अब बहुत ही कम हो गया है। 8 साल पहले जब जीएसटी लागू हुआ तो कई दशकों का सपना साकार हुआ। ये आजाद भारत का सबसे बड़ा आर्थिक सुधारों में से एक था। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## विधानसभा में जोरदार हंगामाः शंकर घोष को मार्शलों ने घसीटा; ममता बनर्जी ने लगाए मोदी चोर के नारे

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा के विशेष सत्र में गुरुवार, 4 सितम्बर को जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली प्रवासियों पर हो रहे कथित अत्याचार के लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस पर भाजपा विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। वह नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी के निलंबन का भी विरोध कर रहे थे।

भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए वेल पर पहुंच गए। स्पीकर बिमान बनर्जी ने सदन में अव्यवस्था फैलाने के आरोप में बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को निलंबित कर दिया।



इतना ही नहीं, मार्शलों से उठवाकर उन्हें जबरदस्ती बाहर कर दिया गया। इस दौरान घोष बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### शंकर घोष समेत 5 विधायक निलंबित

बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष के साथ चार अन्य विधायक (अग्निमित्रा पॉल, मिहिर गोस्वामी, बंकिम घोष और अशोक डिंडा) को भी सस्पेंड कर दिया गया है। बीजेपी विधायकों का विरोध प्रदर्शन और घोष को सदन से बाहर निकलवाए जाने का पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी चोर-वोट चोर के नारे लगाए। (शेष पृष्ठ 7 पर...)




## वोटर लिस्ट में नाम को लेकर सोनिया गांधी के खिलाफ याचिका दायर, कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ एक याचिका दायर की है। इसमें दावा किया गया कि उनका नाम भारत की नागरिकता लेने से तीन साल पहले ही वोटर लिस्ट में था। दायर याचिका में कोर्ट से पुलिस को इस संबंध में जांच की मांग की गई है। आवेदन में उन दस्तावेज़ों का भी हवाला दिया गया है। अदालत ने मामले की सुनवाई 10 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। बता दें कि शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी ने बीएनएसएस की धारा 175(4) के तहत अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया के समक्ष दायर की गई है। याचिका में कहा गया कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता ग्रहण की थी, लेकिन 1980 में उनका नाम (शेष पृष्ठ 7 पर...)
























CMYK

## पहला कॉलम...

### आज ईद पर्व पर जुलूस के दौरान शरबत वितरण करेंगे कांग्रेसजन

डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 5 सितंबर को 'ईद उल मिलाद उन नबी' पर्व के उपलक्ष्य में शरबत वितरण का कार्यम किया जाना है। ईद पर्व पर प्रातः 8:00 बजे मुस्लिम समाज की रैली मस्जिद से निकाली जाएगी। जो की लगभग 11:00 बजे हाई स्कूल चौक मान होटल के सामने पहुंचेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान द्वारा बताया गया कि, कांग्रेस परिवार के द्वारा समस्त मुस्लिम भाइयों को ईद पर्व के उपलक्ष्य में शरबत वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर सभी कांग्रेस जन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने निवेदन किया गया है।

### शिव नगर में हवन पूजन पश्चात महाप्रसादी

खुज्जी (दावा)। शिवनगर वार्ड में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश जी के हवन पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है यह कार्यक्रम आज दिनांक 05 सितंबर 2025 को है यह जानकारी पुरूषोत्तम देवांगन ने दी है व अपील कि सभी जन अधिक से अधिक संख्या में पधार कर ईश धार्मिक कार्यक्रम का लाभ उठा कर महाप्रसादी ग्रहण करें।

### भगवान गणेश प्रतिमा की पूरे सम्मान के साथ नदी में करें विसर्जन- पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश की प्रतिमा को नदी अथवा सरोवरों में पूरे सम्मान के साथ विसर्जन करे। भगवान गणेश प्रतिमा को न फेंकें न धकेले और न अपमानित ढंग से विसर्जित करें। श्री पिल्ले ने 11 दिनों तक शहर में गणेशोत्सव पर्व की गरिमा बनाए रखने तथा इस दौरान संस्कार धानी नगरी के अनुरूप भगवान गणेश की पूजा-भक्ति सहित धार्मिक, सांस्कृतिक व अन्य रुचिमय आयोजन करने के लिए सभी गणेश समितियों के बंधुओं का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा है कि जिस तरह विघ्नहर्ता भगवान गणेश को आदरपूर्वक विराजित कर उनकी पूजा- पाठ, ध्यान-साधना आरती की गई उसी तरह भगवान गणेश की गरिमा बनाए रखने के लिए नदी-सरोवरों में उनका विसर्जन फेंक कर या धकेल कर न करें। उन्होंने उक्त हेतु सभी भगवान गणेश स्थापना करने वालों से अपील की है कि विसर्जन स्थल में भगवान गणेश का विसर्जन पूजा आराधना के उपरांत पूरे आदर सम्मान व धार्मिक गरिमा के साथ करें भगवान गणेश आपकी मनोकामना पूर्ण करेंगे।

### आज बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा अन्नकुट महाप्रसाद भण्डारा

राजनांदगांव (दावा)। बाल रत्न मंच सेवा समिति के सेवा में समर्पित अध्यक्ष रोहित शर्मा ने बताया कि भंडारा महाप्रसाद का महत्व दान, एकता, आध्यात्मिक लाभ और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है यह सेवा का प्रतीक माना जाता है धार्मिक अनुष्ठानों में पवित्रता लाता है और एकता का संदेश देता है। किसी भी शुभ कार्य के पूर्ण होने पर भंडारा महाप्रसाद की परंपरा पूण्य कार्य माना जाता है। भंडारा महाप्रसाद आयोजन के मुख्य भंडारा प्रभारी निरंतर 32 वर्षों से सेवा में समर्पित भंडारा प्रमुख पीयुष शर्मा, सहप्रभारी अरविंद गुप्ता, शैलेष शर्मा के कुशल नेतृत्व में एवं पूजा पाठ प्रभारी लोकेश अग्रवाल संस्था परिवार के सदस्यों की सहभागिता के साथ बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग भाद्रपद शुक्ल त्रयोदशी, 5 सितंबर, शुक्रवार, समय-दोपहर 12 बजे स्थान- गणेश उत्सव पंडाल रामाधीन मार्ग में विघ्नहर्ता भगवान गणपति की सेवा, पूजा, आरती के साथ ही अन्नकुट भंडारा महाप्रसाद का भोग लगाकर भंडारा महाप्रसाद का आयोजन प्रारंभ होगा।

### मोखला स्कूल के यास्मीन प्रयास विद्यालय के लिए चयनित



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला, संकुल भर्रेगांव, विकासखंड राजनांदगांव की छात्रा कु. यास्मीन साहू पिता तुलदास साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के लिए हुआ है। यास्मीन शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। यास्मीन के पिता तुलदास साहू शाला प्रबंध समिति के सदस्य है। इसी वर्ष पूर्व में भी इस संस्था से एक छात्र प्रशांत का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर के लिए हुआ है।

### राजकुमार सिन्हा का निधन




खुज्जी (दावा)। ग्राम बड़भूम में राजकुमार सिन्हा का निधन बुधवार दिनांक 03 सितंबर 2025 को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा में पारिवारिक जन व गांव के व आस-पास के गांव के सभी संबंधित लोग भारी संख्या में उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए व शमशान घाट पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
01st Sep to 04th Sep 2025



Param Sundari - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Dantela (C.G) - 12:00 pm
War 2 - 06:00 pm
Coolie - 12:00, 03:15 and 09:15 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 5 सितंबर से रोजाना 4 खेल
ईद एवं गणेश विसर्जन पर
नरसिम्हा
महाअवतार



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# शहर के गणेश पंडालों में सजी स्थल सजावट झांकियां देखने लोगों का सैलाब

**श्री कृष्ण लीला, डिज्नी लैंड, गंगावतरण, द्वादश ज्योतिर्लिंग आदि झांकियां बनी आकर्षक का केंद्र**



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में गणेशोत्सव पर्व की इन दिनों धूम बनी हुई है। शहर के विभिन्न स्थानों में विराजमान भगवान गणेश की मनोहारी प्रतिमा को देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही वहीं शहर के महावीर चौक भदौरिया चौक, रामाधीन मार्ग, भरकापारा में सजाई गई स्थल सजावट झांकियां देखने लोगों का सैलाब उमड़ रहा है। बरसते पानी में भी लोग इन आकर्षक स्थल झांकियों को देखने टूट पड़े रहे हैं। कुछ स्थानों पर तो टिकट भी लिया जा रहा है, इसके बावजूद लोग पैसे देकर अपने घर परिवार के साथ आकर्षक झांकियों का दर्शन कर रहे हैं।

बता दें कि गुरुवार को गणेशोत्सव पर्व का 8वां दिन रहा। शहर में भगवान विघ्नहर्ता गणेश पूजन की बयार बह रही है। दोनों प्रहर बाजे-गाजे के साथ मंगल आरती हो रही है। इसके अलावा भजन कीर्तन, जस गान, व गीत-संगीत के अलावा अन्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इससे लोगों में भक्ति-भावना बनी हुई है। शाम होते ही शहर के अलावा लोग बड़ी संख्या में गांव-देहात के लोग भगवान गणेश की मनोहारी प्रतिमाएं सहित स्थल सजावट झांकियां देखने पहुंच रहे हैं। इससे देर रात तक शहर में रौनक बनी हुई है।

### स्थल सजावट झांकियां कर रही विमोहित

गणेशोत्सव पर्व के दौरान शहर के महावीर चौक में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा के अलावा यहां सजाई गई भगवान श्री कृष्ण लीला की स्थल सजावट झांकी देखने लोगों का हूजूम देखने को मिल रहा है। बरसते पानी में भी यहां भीड़ देखी जा रही है। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उफनती यमुना नदी में वासुदेव द्वारा उन्हें लेकर जाना, गोपियां का चीर हरण, कालिया नाग मर्दन, पूतना वध, गोपियो के साथ वृंदावन में रास लीला की चलित झांकियों को बहुत ही आकर्षक ढंग से दिखाया गया है। जिसे देखकर लोग विमोहित हुए बिना नही रह रहे हैं। इसी तरह भदौरिया चौक में अहमद नगर का सिंदूरी गणेश व डिज्नी लैंड वाली आकर्षक स्थल सजावट झांकी बड़ों के साथ-साथ बच्चों को भी बहुत भा रही है। शाम होते ही यहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

### आकर्षित कर रही गंगावतरण वाली झांकी

शहर के हृदय स्थल रामाधीन मार्ग में नवरत्न मंडल द्वारा स्थापित ऋद्धि-सिद्धि वाले गणेश भगवान व यहां पहाड़ों में की गई गंगावतरण की झांकी भी लोगों की भीड़ खींच रही है। शहर की 85 वर्ष पुरानी गणेशोत्सव समिति नवरत्न मंडल द्वारा इस वर्ष अपनी स्थल सजावट झांकी में गंगावतरण व गंगा पूजन का दृश्य आकर्षण ढंग से दिखाया गया है। उक्त झांकी में कोलकाता से विशेष रूप से लाई गई लाईटिंग ने सजावट को और भी आकर्षक व नयनाभिराम बना दिया है। यहां देर रात तक भीड़ लगी रहती है। जिसकी व्यवस्था संभालने में अध्यक्ष अजय खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विजय शर्मा, संतोष पुरोहित, अमित खंडेलवाल, दीपक साव आदि जुटे हुए हैं।

स्थल सजावट झांकियों के इस क्रम में भरकापारा में सजाई गई 12 ज्योतिर्लिंग की झांकी भी लोगों को विमोहित किए थे रहा है। उक्त झांकी में पहाड़ों के बीच बर्फबारी और गरज चमक के साथ वर्षा के बीच ज्योतिर्लिंग के दर्शन हो रहे हैं।

### मनोहारी गणेश प्रतिमाएं बनी आकर्षण के केंद्र

शहर में स्थल सजावट झांकियों के अलावा एक से बढ़कर एक मनोहारी गणेश प्रतिमाएं भी आकर्षण की केंद्र बनी हुई है। शहर में गणेशोत्सव पंडालों में 3 फीट से लेकर 15 फीट की उंचाई वाली गणेश प्रतिमाएं लोगों को आकर्षित कर रही है। सदर बाजार में थाने के पास का भव्य एवं आकर्षक गणेश प्रतिमा अपनी भव्य सजावट के साथ शोभायमान है। लोग इस प्रतिमा को आंख भर कर देखने एक पल ठहर जा रहे हैं। इसी तरह दुर्गा चौक रोड में बांसपाई पारा के पास की पर्यावरण का संदेश देते पशु -पक्षी की प्रेम वाली गणेश प्रतिमा भी लोगों को खूब भा रही है। आजाद चौक में एक अलग ही तरीके से गणेश पंडाल सजाया गया है। भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा सहित हरे-भरे पेंड व रंग-बिरंगी लाइटिंग लोगों को आकर्षित कर रही है। जमात पारा फौवारा चौक में वीणा बजाते हुए गणेश भगवान लोगों को खूब भा रहे हैं। इसके अलावा गंज चौक में शिव परिवार वाली गणेश प्रतिमा और आकर्षक पंडाल व शहर के अन्य स्थानों में विराजित गणपति बप्पा की आकर्षक प्रतिमाएं देखने लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। आकर्षक ढंग से सजे गणेश पंडाल व रंगीन पर्दे सहित जगमग रौशनी से सजी सड़के तथा गणेशोत्सव समितियों के लोगों द्वारा बांटी जानी वाली प्रसादी भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# आज मनाई जायेगी जश्ने ईद मिलादुन्नबी





**1500 सालाना जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में अजीमुसशान प्रोग्राम होंगे- हाजी रईस अहमद शकील**

राजनांदगांव(दावा)। जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद के दिन को मुस्लिम समाज के द्वारा ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी खुलस-ए-मोहब्बत और काफी उत्साह के साथ मनाया जायेगा। सीरतुन्नबी जामा मस्जिद एरिए के सालाना सदर हाजी अतहर रिजवी, हनफ़ी मस्ज़िद गोलबाजार एतराफ के सालाना सदर रियाज चौहान, तुलसीपुर मोती मस्जिद एरिया के सालाना सदर अफजल खान, गौरी नगर नूरी मस्जिद के सालाना सदर शेख़ सैफुद्दीन, नूरी मस्जिद कन्हारपूरी के सालाना सदर कासिम अली, शाहे मदीना मस्ज़िद शान्ति नगर के सालाना सदर आवेश खान व कमेटी मेंबरान, ओहदेदार और सामाजिक लोगों के द्वारा शहर की मस्जिदों में आकर्षक रोशनी की जा रही है। वहीं ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अजीमोशान जलसों की तैयारी भी शुरू हो गई है।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 5 सितंबर को शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाली जाएगी जिसमें समाज के सैकड़ो लोग शामिल होते है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12 रबी-उल-अव्वल को ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता है, आज 5 सितंबर को चांद की तसदीक के मुताबिक ईद मिलादुन्नबी मनाई जाएगी, जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह बना हुआ है। जुलूस सभी एरिया के मस्जिदों से निकल कर तकरीबन सुबह पौने दस बजे जामा मस्जिद पहुंचेगी, जहां शहरे ईमाम हाफिज कासिम रजा बरकाती साहब सभी एतराफ के उलेमा ओहदेदार की उपस्थिति में परचम कुशाई करेंगे। जुलूस जामा मस्जिद से भारत माता चौक, गंज चौक, लोहार पारा, कसाई मोहल्ला, रामाधीन मार्ग, गुड़ाखू लाइन, होते हुए जूनी हटरी इस्लाम चौक पहुंचेगी जहां जुलूस का समापन होगा।

### घरों को भी किया जा रहा रोशन

ईद मिलादुन्नबी के पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए लोग अपने घर और मोहल्ले की साज-सज्जा कर रहे हैं। घरों को धार्मिक झंडों और आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है। नातिया-तकरीर मुशैरा के प्रोग्राम और बच्चों का नातिया कॉम्पीटिशन में जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को इनाम के लिए चुना जायेगा। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर की सभी मस्जिदों में सीरतुन्नबी कमेटी की जानिब से इस्लामिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।

### इस वर्ष 1500 साल

इस साल हुजूर सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आमद 12 रब्बी उल अव्वल अंग्रेजी तारीख 5 सितंबर 2025 को 1500वां सालाना ईद मिलादुन्नबी शानो शौकत से मनाया जायेगा, इसी सिलसिले में मिलादुन्नबी के शहर के एतराफ ने निम्न बिन्दुओं पर विचार कर फैसला लिया गया है।

ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में सभी इस्लामी भाइयों को सफेद कुर्ता-पायजामा, साफा या टोपी पहन कर शामिल होने की अपील की गई है। किसी भी सूरत में पांच साल से ऊपर की लड़कियों को जुलुस में न लाएं। प्रशासन की अनुमति पर ही डीजे व माइक रखा जायेगा और आवाज काफी कम रखी जानी चाहिए, नात ख्वां जुलूस में रहेंगे। बिना शोरगुल व म्यूजिक के हुजूर की सुन्नतों के हिसाब से व अदब व एहतराम से इस विलादत को मनाया जाये, एक दिन पहले नौजवानों की बाईक रैली प्रशासन की इजाजत से निकाली गई, तमाम बिरादराने इस्लाम से गुजारिश है कि अपने कारोबार, दुकानों आदि को बंद कर जुलुस, मुहम्मदी में शामिल हों, ईद मिलादुन्नबी का मुबारक दिन इस वर्ष काफी अहम है, क्योंकि यह वर्ष 1500 ईद मिलादुन्नबी का है, जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह है। ईद मिलादुन्नबी की तैयारी में मस्जिदों की कमेटियां काफी दिनों से जुटी रहती है। वहीं शहर के मस्जिदों मे भी इस्लामिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।

# मोक्ष दूर नहीं है, बस हमने उसे दूर बना दिया है - मुनि वीरभद्र

**हम तभी सफल हो पाएंगे जब क्रियाएं करते समय हमारा मन ना भटके**



राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि मोक्ष दूर नहीं है, बस हमने उसे दूर बना दिया है। हम अपने प्रवृत्तियों में इतने उलझे हुए हैं कि हम मोक्ष की ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, हमने क्या-क्या प्रवृत्तियां की है उसका हमें चिंतन करना होगा और यह चिंतन प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, सामायिक से ही हो सकता है। प्रतिक्रमण करने से कॉन्फिडेंस आ जाता है। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आज हमें यह क्रियाएं अनुपयोगी लग रही है। जबकि ये ''केवल ज्ञान और मोक्ष'' पाने के लिए सशक्त माध्यम है। सिद्धि तप करते-करते कई जीवों को ''केवल ज्ञान'' प्राप्त हो गया और कई ने मोक्ष प्राप्त कर लिया। यह क्रियाएं अमृत है फिर भी हम अमृत पीना नहीं चाहते। यदि पीते भी हैं तो अमर नहीं हो पाते, इसके पीछे का कारण यह है कि या तो हमने अमृत पिया ही नहीं या फिर हम पीने का तरीका नहीं जानते या फिर हमने पानी ही पिया है, इसीलिए तो हम अमर नहीं हो पाए। जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि सब क्रियाएं तो हमें ही करनी है किंतु हम तभी सफल हो पाएंगे जब क्रियाएं करते समय हमारा मन ना भटके।

उन्होंने कहा कि मोक्ष दूर नहीं है। हम अपनी आत्मा को उन तत्वों से बाधित कर देते हैं जिससे यह सरल मार्ग भी हमारे लिए कठिन हो जाता है। हमारी आत्मा विचलित हो जाती है और हम आराधना से भटक जाते हैं। मुनिश्री ने फरमाया कि स्वाद छोड़ना आसान है और स्वाद लेना भी आसान है किंतु स्वाद पर विजय श्री पाना आसान नहीं है। भोग तो शरीर रहा है आत्मा नहीं। उन्होंने कहा कि तपस्या करते-करते अंदर के कुसंस्कार कमजोर हो जाते हैं। इसे हमें धीरे-धीरे खत्म कर आराधना के मार्ग में आगे बढ़ना होगा तभी हम आत्म कल्याण कर पाएंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# दिल की बीमारी का इलाज अब शहर में ही



**आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में हर शुक्रवार उपलब्ध रहेंगे डॉ. आकाश बक्शी**

राजनांदगांव (दावा)। शहरवासियों के लिए राहत की खबर है। अब हृदय रोगियों को इलाज के लिए रायपुर या बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। राजनांदगांव के नया बस स्टैंड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी हर शुक्रवार परामर्श देंगे। क्लीनिक आधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां एक ही छत के नीचे विभिन्न रोगों के अनुभवी विशेषज्ञ उपलब्ध हैं।

### क्लीनिक का उद्देश्य है

गुणवत्तापूर्ण इलाज को सुलभ और किफायती बनाना। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में अलग-अलग दिनों पर मरीजों को विशेषज्ञ सेवाएं मिलेंगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी हर शुक्रवार परामर्श देंगे। पथरी, प्रोस्टेट और मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारुका हर शनिवार को उपलब्ध रहेंगे। नस, मस्तिष्क और स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ.कुलदीप सिंह भी शनिवार को सेवाएं देंगे। इसके अलावा किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू हर गुरुवार, निसंतानता एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल हर बुधवार और चर्म रोग विशेषज्ञ भी बुधवार को मरीजों को परामर्श देंगे। क्लीनिक में सभी प्रमुख बीमारियों का इलाज एक ही स्थान पर किया जाएगा। यहां अनुभवी सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टरों से परामर्श मिल सकेगा। जटिल और दीर्घकालिक रोगों के लिए समर्पित सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों का समय और धन दोनों की बचत होगी और आम लोगों को सुलभ व किफायती इलाज मिल पाएगा।

# खैरागढ़ में लॉज में बरामद हुआ युवक का शव

**बाथरूम में लगाई फांसी**

खैरागढ़ (दावा)। युवक ने लागाई फांसी, रायपुर का रहने वाला है युवक नगर के जय स्तंभ चौक स्थित आशीष लॉज में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया। जब रूम नंबर 306 का दरवाज़ा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर हर कोई दंग रह गया, 27 वर्षीय युवक का शव बाथरूम में कमोड के ऊपर पलंग की चादर से फंदे पर झूलता मिला। मृतक की पहचान रायपुर के सीतानगर वार्ड क्रमांक 3 निवासी करण पाल पिता डोमन पाल के रूप में हुई है। 30 अगस्त को बुक कराया था कमरा, पांच दिनों से रूका हुआ था लाज में पुलिस सूत्रों के अनुसार करण शनिवार 30 अगस्त को खैरागढ़ पहुँचा था। उसने लॉज में कमरा बुक कराया और मैनेजर से कहा कि वह घूमने आया है। सोमवार 1 सितंबर को आखिरी बार उसे कमरे से बाहर निकलते देखा गया। इसके बाद से उसका दरवाज़ा लगातार बंद था।

### लाज के कमरें से बदबू से खुला राज

बीती रात कमरे का दरवाज़ा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। गुरुवार सुबह कमरे से तेज़ दुर्गंध आने पर मैनेजर और कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में दरवाज़ा तोड़ा। इसके बाद युवक का शव बाथरूम में मिला।

कमरे की तलाशी के दौरान कोई बैग कपड़े या निजी सामान बरामद नहीं हुआ। केवल एक कीपैड मोबाइल मिला है। इसने घटना को और भी रहस्यमयी बना दिया है। पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के पहुँचने के बाद पंचनामा की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है,कि यह मामला आत्महत्या है या किसी साजिश का परिणाम इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शिव कुमार निषाद आयु 42 वर्ष आ0 संतु निषाद निवासी ग्राम महरूमखुर्द पो0 महरूमकला तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैं अपनी पुत्री का पुराना नाम गणिता निषाद को बदलकर नया नाम गरिमा निषाद कर लिया है। अतः आज मेरी पुत्री का नया नाम गरिमा निषाद को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में गरिमा निषाद से ही जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

शिव कुमार निषाद
आ. संतु निषाद निवासी ग्राम महरूमखुर्द पो. महरूमकला तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**Name Change**

It is informed to The General Public that I, AAKASH JAWRANI s/o PRAKASH JAWRANI VAISHALI NAGAR W. NO. 39 RAJNANDGAON (C.G.), MY OLD NAME IS AKASH JAWRANI. I HAVE NOW CHANGE MY NAME BY ADDING (AA) IN ENGLISH SPELLING AND HENCEFORTH MY NEW NAME IS AAKASH JAWRANI s/o PRAKASH JAWRANI. in future I should be recognized by my new name in all Government and other documents.

AAKASH JAWRANI
s/o PRAKASH JAWRANI
VAISHALI NAGAR W. NO.
39 RAJNANDGAON (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी जिला मोहला-मानपुर- अं. चौकी (छ.ग.)
।। ईश्तहार का प्रकाशन।।
रा.प्र.क्रं. 202509300600007/ ब-121 वर्ष 2024-2025
विषयः- ब-121 (विविध सामान्य राजस्व मामले) सलामुद्दीन अंसारी पिता स्व. अमरूद्दीन अंसारी निवासी व तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.) वि. छ.ग. शासन (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सलामुद्दीन अंसारी पिता स्व. अमरूद्दीन अंसारी निवासी व तहसील अं. चौकी जिला मोहला मानपुर अं. चौकी के द्वारा ग्राम अं. चौकी प.ह.नं. 18 स्थित भूमि खसरा नं. 112/31 रकबा 0.008 हे. भूमि जिस पर मकान निर्मित है, जिसे बैंक कर्ज अदायगी की आवश्यकता होने से विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा- आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18/09/2025 तक अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा- आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बागढ़ चौकी

### श्रीमती पदमा बाई साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर निवासी श्रीमती पदमा बाई साहू, धर्मपत्नी जनक लाल साहू का 63 वर्ष की आयु में गुरुवार दिनांक 04.09.2025 को आकस्मिक निधन हो गया है। वे व्यवसायी पवन कुमार साहू एवं कॉमर्स कोचिंग क्लास संचालक टीकमचंद साहू की माता थी जो अपने पीछे बेटा बेटी बहु नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। दिवंगत पुण्यात्मा की अंतिम यात्रा स्थानीय शंकरपुर, उलट पुलिया गली स्थित निज निवास से मुक्तिधाम के लिये निकाली गई। जिसमें परिजनों, सामाजिक सदस्यों सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-6-7
590-4 445-3
राजधानी
1-4-8
228-2 389-0

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# गुम हुए निकोन कंपनी के कैमरा को पुलिस ने ढूँढ निकाला

**बसंतपुर पुलिस ने कैमरा स्वामी को किया वापिस**




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में गुम हुए कैमरे को ढूंढ निकाला और उसे उसके मालिक को सही सलामत वापिस कर दिया है। बताया जाता है कि उक्त कैमरा आवेदक के कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी हेतु गया था तभी वहां टेबल में रखकर भूल गया था। आवेदक द्वारा अपना गुम कैमरा को प्राप्त करने पश्चात बसंतपुर पुलिस का हृदय किया अभार व्यक्त किया है।

थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि थाने में 2 सितंबर को मोबाईल के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि एक शराबी व्यक्ति अपने पास कैमरा रखा हुआ है, जिससे कैमरा के संबंध में पूछताछ पर किसी प्रकार की संतोषप्रद जवाब नही दे पा रहा है। उक्त सूचना पर मौके पर तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग टीम घटना के संबंध में तस्दीक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। तस्दीक के दौरान उक्त शराबी व्यक्ति से पूछताछ कर पुलिस उसे अपने कब्जे में लेकर थाना लेकर आई। इस दौरान उक्त कैमरे के संबंध में एक आवेदक थाने आकर सूचना दिया कि वह अपना निकोन कंपनी का कैमरा कीमती 01 लाख हजार को कार्यक्रम में फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी हेतु गया था तथा उसी दौरान यह अपना कैमरा वही टेबल से गुम हो गया था। उक्त के संबंध में अवगत कराये जाने आवेदक को शराबी व्यक्ति से प्राप्त कैमरा दिखाकर आवेदक से कैमरा के दस्तावेज के संबंध पुष्टि करने उपरान्त आवेदक को सुपुर्दनामे पर दिया गया। आवेदक अपना कीमती समान प्राप्त करने पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
अनीस खान
प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक
विभाग प्रदेश कांग्रेस कमेटी


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
इकरामुद्दीन सोलंकी
वरिष्ठ कांग्रेस नेता


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
रज्जाक बड़गुजर
डायरेक्टर
एबीस एक्सपोर्ट
आई.बी. ग्रुप, राज.


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
कदीर बड़गुजर
राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
फिरोज अंसारी
अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ हॉकी संघ



समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
एच.बी.गाजी
समाजसेवी एवं अधिवक्ता,
गौरीनगर राजनांदगांव
मो. नं.- 98271-04309,
फोन नं.- 07744-220394


ईद-मिलादुन्नबी पर
तहेदिल से मुबारकबाद
रईस अहमद शकील
सदर
जामा मस्जिद, राजनांदगांव
संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव
वरिष्ठ उपाध्यक्ष-छ.ग. यातायात महासंघ रायपुर
अध्यक्ष-छ.ग. यातायात महा संघ जिला राजनांदगांव
पूर्व अध्यक्ष-जनभागीदारी समिति
हाजी अब्दुल रशीद खान
सेक्रेटरी
जामा मस्जिद, राजनांदगांव
सेवानिवृत्त
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, छ.ग.
राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
युसुफ अली
(गोल्डन ऑप्टिकल) जय स्तंभ
चौक रोड़ राजनांदगांव



समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
राजिक खान
(राजा)
राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद हसन
एडवोकेट
सचिव हन्फी मस्जिद
गोल बाजार,राज.


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
सैय्यद अली अहमद
(गुड्डू भाई) सदर - मोती मस्जिद
तुलसीपुर राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
शब्बीर हैदरी
मो. कीकाभाई रंगवाले
गुड़ाखू लाईन,
राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
याकूब अली
मुस्तुफा अली
गोल्डन ऑप्टिकल मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
युसुफ फजली
रॉयल ऑप्टिकल
मानव मंदिर चौक, राज.


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
आसिम अहमद
(एडवोकेट) इनकम टैक्स जीएसटी,
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
हाजी अतहर
रिजवी
वेजिटेबल मर्चेंट


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
शहनवाज खान
राजनांदगांव


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-मिलादुन्नबी
की तहेदिल से मुबारकबाद
शेख याकूब
अक्कू भाई
शेख उमर एण्ड कंपनी शॉप नं. 12/20
बसंतपुर, सब्जी मंडी, राजनांदगांव

## अनमोल दावा

> "सच्चा ज्ञान वही है जो आपको विनम्र व संस्कारी बनाए, अहंकारी नहीं।

## रोका जाए धार्मिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग, यह अक्सर विवाद और टकराव का रूप ले लेता है

संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार इस प्रकार दिया गया है कि भारत का पंथनिरपेक्ष चरित्र मजबूत रहे और इन अधिकारों के किसी भी दुरुपयोग की स्थिति में राज्य सांप्रदायिक ताकतों को नियंत्रित कर सके। हमें यह देखना ही होगा कि मतांतरण में संलग्न ताकतें देश के पंथनिरपेक्ष चरित्र में छेड़छाड़ न करने पाएं।

उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा के अगले सत्र में पेश किए जाने वाले धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में प्रविधान है कि नौकरी, धन या अन्य उपहारों का लालच देकर किसी व्यक्ति का मतांतरण करने के प्रयास को जबरन पंथ परिवर्तन माना जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है, क्योंकि इसमें अंतःकरण की स्वतंत्रता भी शामिल है।

अंतःकरण व्यक्ति के ज्ञान, अंतर्ज्ञान और तर्कशक्ति का मिश्रण है, जो उसे किसी मत-मजहब के सिद्धांतों को समझने और उसके अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कई बार हम आस्था में परिवर्तन को भी एक अधिकार मान लेते हैं। इसलिए जब भी राज्य उपासना पद्धति की स्वतंत्रता के अधिकार की सीमा निर्धारित करने या मत परिवर्तन रोकने का प्रविधान करता है तो कुछ लोग इसे अपने मौलिक अधिकार का उल्लंघन करार देते हैं। यह अक्सर विवाद और टकराव का रूप ले लेता है।

मध्य प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और तमिलनाडु सहित करीब दस राज्यों में ऐसे कानून लागू हैं। उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने भी मत परिवर्तन निषेध कानून बनाए हैं। कई और राज्य भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं। मतांतरण के विरुद्ध राजस्थान सरकार ने भी ऐसा एक विधेयक प्रस्तुत किया है। इन सभी कानूनों में एक बात समान है कि विवाह के लिए मतांतरण को संज्ञेय और दंडनीय अपराध घोषित किया गया है।

हालांकि आलोचकों का कहना है कि ऐसे कानून धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के विरुद्ध हैं। इसलिए इन अधिकारों के संवैधानिक पहलुओं को समझना जरूरी है। इसलिए और भी, क्योंकि छल-छद्म से मतांतरण के मामले सामने आते ही रहते हैं। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में कथित छांगुर बाबा की ओर से कराए जाने वाले मतांतरण अभियान का षड्यंत्र आंखें खोलने वाला है।

संविधान में अनुच्छेद 25-28 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है। एक ओर ये अधिकार समानता के सिद्धांत पर आधारित हैं, वहीं दूसरी ओर इनका सार धार्मिक सहिष्णुता है। यही भारत में पंथनिरपेक्षता का आधार भी है। इसीलिए संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा उद्देशिका में च्पंथनिरपेक्षज् शब्द जोड़े जाने के बाद इसे परिभाषित करने की आवश्यकता नहीं रही, क्योंकि धार्मिक सहिष्णुता इसे स्पष्ट कर देती है।

एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ, 1994 मामले में उच्चतम न्यायालय ने न केवल पंथनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे में शामिल किया, बल्कि यह भी कहा कि भारतीय संविधान लागू होने के समय से ही पंथनिरपेक्ष था। अनुच्छेद 25-28 के तहत मिले अधिकारों में अंतःकरण की स्वतंत्रता के साथ-साथ अपनी उपासना पद्धति को स्वतंत्र रूप से मानने, आचरण करने और उसके प्रचार-प्रसार करने का अधिकार भी शामिल है।

भारत में पंथनिरपेक्षता धार्मिक सहिष्णुता पर आधारित है। इसी कारण राज्य सामान्यतः धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करता, पर सांप्रदायिकता भड़कने की आशंका की स्थिति में हस्तक्षेप कर सकता है। इसीलिए अनुच्छेद 25(2) में उल्लेख है कि राज्य पंथ से संबंधित राजनीतिक, वित्तीय या अन्य लौकिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कानून बना सकता है।

इस आधार पर यह कहना उचित है कि भारत में पंथनिरपेक्षता संविधान में राज्य की नीति के रूप में शामिल है। यह न तो किसी मत के पक्ष में है, न उसके विरुद्ध और न ही यह किसी मत के प्रति तटस्थ है। यह मतविरोधी नहीं, बल्कि संप्रदायवाद विरोधी है। ये सभी प्रविधान दर्शाते हैं कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में मतांतरण का अधिकार शामिल नहीं है, लेकिन कुछ लोग और संस्थाएं इसे अधिकार की तरह इस्तेमाल करती हैं।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1948 में अपनाए गए मानवाधिकारों के सार्वभौमिक घोषणापत्र के अनुच्छेद 18 में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उपासना पद्धति को मानने, न मानने या उसे बदलने का अधिकार है। भारत संयुक्त राष्ट्र की नीतियों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों का सम्मान करता है, लेकिन भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए यह उपबंध है कि कोई व्यक्ति अंतःकरण की स्वतंत्रता के आधार पर अपनी उपासना पद्धति बदल तो सकता है, लेकिन वह इस अधिकार का दावा नहीं कर सकता। मत परिवर्तन के इस अधिकार को न देने के पीछे मूल विचार सांप्रदायिक प्रवृत्तियों को रोकना है। अफसोस कि ये प्रवृत्तियां थम नहीं रहीं और इसीलिए राज्य सरकारें कानून बनाने के लिए विवश हैं। यदि मत परिवर्तन के अधिकार को धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के एक अभिन्न अंग के रूप में दिया जाएगा तो इसका दुरुपयोग बढ़ेगा और जबरन मतांतरण की घटनाओं में भी वृद्धि होगी। संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार इस प्रकार दिया गया है कि भारत का पंथनिरपेक्ष चरित्र मजबूत रहे और इन अधिकारों के किसी भी दुरुपयोग की स्थिति में राज्य सांप्रदायिक ताकतों को नियंत्रित कर सके।

# पीड़ित मानवता के पथ प्रदर्शक हजरत मोहम्मद (सल्ल.)



**हलीम बख्श गाजी**
**(एडवोकेट व नोटरी)**



**आज ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर विशेष**

पैगम्बर हजरत मोहम्मद (सल्ल) का जन्म अरब की मरू भूमि में मुस्लिम इतिहासकारों के अनुसार 20 अप्रैल 570 ई. को हुआ। मुहम्मद का शब्दिक अर्थ है अति प्रशंसा। प्राप्त' उनके जन्म के समय अरब उप महादीप मात्र रेगिस्तान था। मोहम्मद (सल्ल) के विचारों ने वहां एक नयी सभ्यता और संस्कृति को विकसित किया और एक ऐसे राज्य की स्थापना की जिसका विस्तार एशिया, अफ्रिका और यूरोप तक रहा। यू तो सभ्यता के क्रम में अनेक पैगम्बर गुजरे है, लेकिन इस्लाम के प्रवर्तक को जिदगी एक पैसा उदाहरण है जिनके जीवन की एक एक घटना को पूरे विस्तार के साथ आने वाली नसलों के लिये सुरक्षित रखा गया है। उनके जीवन का कोई रहस्य नहीं है उस समय के लोगो ने जिन्दगी की ढंकी छिपी बातों तथा निजी समस्याओं तक में उनसे राय ली और पैगम्बर साहब ने उन्हें ऊंच नीच की बारिकियों समझायी। उनके चरित्र और कोमल वाणी से इस्लाम अधिक फैला। इस्लाम तलवार के बल पर फैला है यह इल्जाम लगाने वाले को इस्लाम के युद्ध इतिहास के बजाय पैगम्बर साहब के जीवन का अध्ययन करना चाहिये।

अरब उस काल में जाहिल थे। उनमें अंधविश्वास और रूढ़िवादिता कूट-कूट कर भरी थी। आपस में लड़ते रहने का पैसा चलन था कि, यदि एक कबीले का ऊंट दूसरे कबीले के चारागाह में जाता था तो दोनो समूह वर्षो लम्बा युद्ध लड़लिया करते थे। शराब पीना बुरा नहीं समझा जाता था। अरब वाणिज्य व्यापार में कुशल थे इसलिये अमीर थे। मोहम्मद साहब ने अरबों को आत्म संयम की शिक्षा दी। उन्हे संस्कार युक्त बनाया पांच वक्त नमाज पढ़ने की ताकिद की। सामूहिक प्रार्थना की प्राथमिकता दी, ताकि सामाजिकता का विकास और भाईचारा बढ़े/कड़े आदेश दिये गये कि फलदार वृक्षों को ना काटा जाये । सभी धर्म स्थानों का आदर किया जाये। प्रार्थना में तल्लीन लोगो को बिल्कुल भी छेड़ा न जाए। विश्वासघात, धोखा और गबन को पाप की संज्ञा दी गयी, तिजारत के नियम बनाये गये। जीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नही छूटा जिसे व्यवस्थित करने की चेष्टा नहीं की गयी। चहां तक कि रणभूमि को भी मानवीय नियमों के अधीन लाया गया । सख्त आदेश थे कि शवों के अंग भंग न किये जाये। बच्चों और महिलाओं का कत्ल न किया जाये । पैगम्बर ने क्षमा के अस्त्र को शक्तिशाली बताते हुये स्वयं इसे अपनाया। जिस व्यक्ति ने जंग के नियम बनाये उसी ने अपने शत्रुओं को खुले दिन से माफ कर दिया । 'मक्का' पर विजयी पाने के समय वे शक्ति की पराकाष्ठ पर थे। यह वही शहर था जहां लोगो ने उन्हे सताकर पलायन के लिये बाध्य कर दिया था। लौट कर वे जो भी व्यवहार अपने शत्रुओं के साथ करते उचित होता पर उन्होने सभी को माफ

करके गले से लगा लिया इस क्षमादान से पत्थर दिल शत्रु भी पिघर गये। उनके जीवन की बड़ी विशेषता यह है कि वे जिसे नियम की घोषणा करते थे उसे पहले स्वयं अंगीकार करते थे। प्रजातंत्र की अवधारण भी उन्ही की देन है बादशाहों का बादशाह होने के बाद भी उनका स्वभाव था कि वे आदेश देने के बजाय दूसरे का मत जानकारी सर्वसम्मति से निर्णय लिया करते थे। इस्लाम के इस पक्ष पर सरोजनी नायडू ने लिखा है कि, यह पहला धर्म था जिसने प्रजातंत्र की शिक्षा दी और उसे व्यवहारिक रूप भी दिया। अब मिनारों से अजान दी जाती है और इबादत करने वाले मस्जिदों में जमा होते है। उस समय इस्लाम की जम्हूरियत साकार हो उठती है। राजा और रंग एक पंकित में साथ साथ झुक जाते है और ऐलान करते है कि केवल अल्लाह ही महान है। मैं इस्लाम की इस अविच्छिन एकता को देखकर जो मानव को नैसर्गिक रूप से भाई भाई बनाती है आश्चर्य चकित हो उठता हूँ। पैगम्बर साहब की प्रजातांत्रिक पद्धति का उत्कृष्टतम रूप उस समय सामने आया जब इस्लामी सलतनतों के खलिफाओं (राज्य अध्यक्षों) तक को साधारण अपराधियों की तरह इस्लामी में उपस्थित होना पड़ा और फैसले उनके विरूद्ध भी हुए । महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिये आज भी कई देशों में संघर्ष चल रहे है। इस्लाम के उदय के समय पूरा समाज पुरुषों के अधीन था। महिलाओं की स्थित्ति गुलामों जैसी थी।

पैगम्बरे इस्लाम ने घोषणा की कि, महिलाओं को विरासतन में हिस्सा दिया जाये । उन्होने कहा कि स्त्री पुरुष के जोड़े में स्त्री द्वितीय आधी है स्त्री का अधिकार पावन है। जब मोहम्मद साहब पैगम्बर बने और उन्होने अल्लाह का पैगाम सुनाया तब वे इतने वृद्ध भी नहीं थे कि उनमें सांसरिक इच्छाएँ ही न बची हो। उनका व्यक्तित्व इतना प्रभावी और गरिमापूर्ण था जो लोगो को आकर्षित करता था और लोग उनके इर्द गिर्द जमा हो जाते थे । उनके आदेशो का अक्षरसः पालन करने थे तथा इस बात पर गर्व महसूस करते थे कि वे एक नयी रौशनी के करीब है। समस्त पैगम्बरों और धार्मिक क्षेत्र के महान व्यक्तियों मे मोहम्मद साहब (सल्ल.) सबसे ज्यादा सफल रहे। प्रत्येक भूमिका में वे सफल एवं पूर्ण थे, फिर भी उनमें तनिक भी गर्व या घमण्ड नही था। उनका जीवन एक यतीम बालक के रूप में प्रारंभ हुआ और कालान्तर में वे एक असीम सल्तनत के शासक बने । उनका जीवन कर्म संदेश है। अगर वे कर्मशील न होते तो इतनी सफलताएँ हाथ नहीं लगती अपार आध्यात्मिक वैभव के बाद भी उनका रहन सहन सादगीपूर्ण था । इस्लाम का संबंध किसी जाति विशेष, समाज विशेष या राष्ट विशेष से नही है. बल्कि ईस्लाम का आदेश और उद्देश्य संपूर्ण मानव जाति और पूरे विश्व के लिये है। इसलिये, मोहम्मद साहब (सल्ल) पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोने, एक ही समाज, एक ही विधान चाहते थे। इसलिये आप जात पात के बंधन को उचित नहीं ठहराते थे क्योंकि समाज, एक विधान और विश्वशांति के निर्माण में जाति ही सबसे बड़ी बाधक थी और आज भी है। इस्लाम के आलोचक इस सत्य को क्यों स्वीकार नहीं करते कि, इस्लाम का प्रसार रसूल्लाह की पवित्र छाया में हुआ है। यह तो आपकी पवित्र अति उत्तम शिक्षा सदाचार और समाजिक समानता के महान उद्देश्य का ही परिणाम है कि इस्लाम की लोकप्रियता और प्रसिद्धि में कोई कमी नहीं आयी है, अन्यथा कोई चीज जो बलपूर्वक हिंसा के आधार पर कायम की जाती है वह स्थायी और फलदायक नही होती ।

इंगलैण्ड के विश्वविख्यात दार्शनिक बनार्ड शॉ ने जनवरी 1933 ई. मे भारत आगमन के अवसर पर लाईट लाहौर के प्रतिनिधि से पैगम्बरे इस्लान के संबंध में जो, विचार व्यक्त किये थे। उनके शब्दों में ''मैने हजरत मोहम्मद (सल्ल) की जीवनी का अध्ययन किया है। वह एक महामहिम मानव थे। मेरी राय में उन्हे मानवता का मुक्तिदाता करना चाहिये । मुझे विश्वास है कि अगर उनके जैसा इंसान वर्तमान संसार का अधिनायक बन जाता तो, उसकी सारी जटिल समस्याओं का इस प्रकार समाधान कर देता कि इंसारी दुनिया इच्छित सुख शांति में मालामाल हो जाती।'' दीन ए इस्लाम के मानने वाले हजरत मुहम्मद (सल्ल) का पवित्र जन्मदिन, ईद मिलादुन्नबी के रूप में परंपरांगत तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ शांति और सद्भावनाओं के वातावरण में मनाते चले आ रहे है।

**गाजी मार्ग गौरी नगर राजनांदगांव**

**आज शिक्षक दिवस पर विशेष**

# 'शिक्षक एक राष्ट्र निर्माता'

**थंगेश्वर कुमार साहू**



गुरु ब्रह्माः गुरु विष्णु गुरुः देवो महेश्वरः गुरु साक्षात पर ब्रम्हः तस्मै श्री गुरवे नमः

अर्थात गुरु कहलाने का अवसर हम आप सभी को मिल सके। हम ऐसी महानता के सर्वोत्तम सोपान पर अग्रसर रहें तभी हमारा शिक्षकीय जीवन धन्य हो पाएगा। शिक्षक का शाब्दिक अर्थ है-शि से शिष्टाचार, क्ष से क्षमावान और क से कर्तव्यनिष्ठ अर्थात शिष्टाचारिता क्षमाशीलता और कर्तव्यनिष्ठा से शिक्षक का पद विभूषित है। शिक्षक ही एक ऐसा गरिमामय पद है जिनके कंधों पर राष्ट्र का भविष्य टिका होता है। शिक्षक अपने पद पर आसीन होकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करता है।

### शिक्षक का महत्व

शिक्षक का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक है। वह हमारे जीवन को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक हमें सही और गलत के बीच का अंतर सीखते हैं जो हमें जीवन में सही रास्ते पर चलने में मदद करता है वह हमें भविष्य के लिए तैयार करते हैं जिससे हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### शिक्षक सम्मान दिवस

प्रतिवर्ष 5 सितंबर को पूरे भारत में शिक्षक दिवस बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह खास दिवस हमारे द्वितीय राष्ट्रपति और महान दार्शनिक, शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को समर्पित है। यह दिवस पूरी तरह से हमारे शिक्षकों को सम्मान देने और उनका आभार जताने के लिए मनाया जाता है। ''गुरु की कृपा और शिक्षा से ही विद्यार्थियों का जीवन संवरता है।''



### एक शिक्षक की परिभाषा

शिक्षक वह व्यक्ति होता है जो दूसरों को ज्ञान, कौशल और मूल्य सीखाता है और उन्हें सीखने में मदद करता है या वो एक सुविधा प्रदाता और मार्गदर्शक होता है।

### एक आदर्श शिक्षक

एक आदर्श शिक्षक वह होता है, जो न केवल ज्ञान प्रदान करता है बल्कि विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित भी करता है। उन्हें विषय वस्तु की गहरी समझ होती है और वह जटिल अवधारणाओं को सरल और आकर्षक तरीके से समझने में सक्षम होते हैं।

### एक अच्छे शिक्षक के गुण

उत्कृष्ट संचार कौशल, श्रवण कौशल, सहयोगी भाव, अनुकूलनशीलता, सहानुभूति, सकारात्मक व्यक्तित्व, धैर्यवान, निष्पक्षता और लचीलापन, विद्यार्थियों को प्रेरित करने की क्षमता, ज्ञान और विषय विशेषज्ञ

### शिक्षक महान क्यों होते हैं

एक शिक्षक महान इसलिए होते हैं क्योंकि वह निरंतर सीखते हैं और विकसित होते रहते हैं। अपनी शिक्षण कौशल क्षमताओं को निखारने के लिए नए-नए ज्ञान अवधारणाओं और कौशलों की खोज करते रहते हैं । वह नवीनतम शिक्षण तकनीक और प्रौद्योगिकियों से अपडेट रहने के लिए कार्यशालाओं, सम्मेलनों और अन्य व्यवसायिक विकास अवसरों में भाग लेते रहते हैं।

### शिक्षक के जनक

भारत में आधुनिक शिक्षा के जनक देश के पहले शिक्षामंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद जी को माना जाता है। एक शिक्षक का भाषा विशेष अनिवार्य गुण विषय का विस्तृत ज्ञान, बाल मनोविज्ञान का ज्ञान, शिक्षण विधियां का ज्ञान, शुद्ध उच्चारण आदि

### शिक्षक के लिए एक अच्छा वाक्य

शिक्षण एक बहुत ही महान एवं सम्मान पेशा है जो व्यक्ति के चरित्र, क्षमता और भविष्य को आकार देता है। अगर लोग मुझे एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद रखेंगे, तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा।

### एक शिक्षक का उद्देश्य

एक शिक्षक का उद्देश्य होता है , विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना। विद्यार्थियों के व्यवहार में कुशलता लाना, उन्हें नैतिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाना और जीवन के मूल्यों को प्राप्त करने में मदद करना है।

### वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र की प्रमुख कमियां

शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होती है। परंतु वर्तमान समय में यह कमियां न केवल विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को प्रभावित कर रही है बल्कि राष्ट्र के भावी निर्माण को भी प्रभावित कर रही है। जैसे विविध कार्यक्रमों की अधिकता, ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की समस्या, गैर शिक्षकीय कार्यों की अधिकता, बार-बार नई योजनाओं को शामिल करना, ऑनलाइन कार्यों की अधिकता, नैतिक मूल्यों की हास, मूल्यांकन और परीक्षा प्रणालियों में कमियां आदि।

### उपसंहार

आइए आज शिक्षक दिवस पर हम सभी यह संकल्प ले कि हमें अपना आत्म मूल्यांकन कर अपनी मानसिकता को बदलना होगा तभी हम विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के उद्देश्य में कामयाबी प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के संपर्क में रहकर विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप अच्छा संस्कार डालकर कल के भारत को हम एक महान और मजबूत बना सकते हैं। ''शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशित करता है''

व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार

## सामयिक कहानी

### व्यापारी हर हाल में कमाते हैं

आज की खबर पढ़कर,
बेहद खुश होकर,
गृहस्थ गिरधारी से बोले बानी -
''आज खुश होने की गिरधारी!
अब आई आपकी भी बारी।
पांच प्रतिशत और अठारह प्रतिशत
स्लैब वाली जीएसटी मालूम
22 सितम्बर से लागू होंगी।
दस बीस नहीं, एकदम
नब्बे फीसदी सामान सस्ते होंगे
तो आज तो आप भी यह सुनकर
मगन हो रहे होंगे।''
गृहस्थ गिरधारी ने कहा -
''प्रसन्न तो हम हुए बानी!
पर उतने नहीं जितना
आपके मुख मंडल पर दिख रहा।
90 फीसदी सामान होंगे सस्ते
आप कह रहे है
पर हम चिन्ता कर रहे हैं,
वो इसलिए भैया!
कि व्यापारी जो चीजों के दाम
बढ़ा कर रखते हैं,
सस्ता हो जाने पर फिर,
कहां कम करते हैं?
हमारे अनुभव तो हमें
यही बताते हैं,
चाहे सामान महंगे हों, या सस्ते हों
व्यापारी हर हाल में कमाते हैं।
हम झोलेधारी लोग
खुशी-खुशी बाजार जाते हैं,
और निराश मन वापस आते हैं।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### गुरु की महिमा, महान है

गुरु की महिमा, जगत में महान है
गुरु ज्ञान और, भक्ति की खान हैं।
गुरु ब्रम्हा, विष्णु, महेश समान हैं
देव, दानव, सभी, करते गुणगान हैं।
गुरु ही अंधकार में, प्रकाशवान हैं
गुरु ज्ञान के भंडार, व ज्ञानवान हैं।
गुरु ही माता, गुरु पिता समान हैं
गुरु सर्वेश्वर, पावन, तीर्थ स्थान हैं।
गुरु शिक्षा-दीक्षा हैं, संस्कारवान हैं
गुरु ही वेद, पुराण, गीता का ज्ञान हैं।
गुरु ही इस जगत का, पालनहार हैं
गुरु ही इस जगत का, सृजनहार हैं।
गुरु ही इस जगत का, तारणहार हैं
गुरु ही चराचर-जगत का, आधार हैं।





अशोक पटेल ''आशु''
तुस्मा, शिवरीनारायण
(छ.ग.)

**पोप का अंदाज**



वैटिकन: बी.एम.डब्ल्यू. मोटरबाइक की सवारी करते पोप 'लियो 14वें'।

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप किसी काम को अपनी मेहनत और लगन से पूरा कर लेंगें , जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ घर के मुद्दों को लेकर कुछ बात कर सकते हैं , जिससे उसका समाधान निकलेगा। आज आप किसी भी फैसले को करने से पहले बड़ो की राय अवश्य जान लें।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़े लाभ की संभावना बन रही है। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा, जिससे आप योजनाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा पायेंगें। आज आप किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनेगें और आपकी धार्मिक कार्यो के प्रति आस्था व विश्वास मजबूत होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम फिर से शुरू होगा, इस बार आप कड़ी मेहनत से उसको सफल बनायेंगें। इस राशि की महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा, आज आप खुद के लिए समय निकालर अपनी सहेलियों के साथ इंजॉय करेंगी। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है, आप इसे हांथ से जाने न दें।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी सैलरी में इजाफा होगा, जिससे आर्थिक समस्या दूर होगी। आज किसी की मदद से आपके सरकारी काम बनते नजर आयेंगें। आज आप भावनाओं में बहकर कोई भी निर्णय न लें, सोच - समझकर और बहुत जिम्मेदारी से काम करें। इस राशि के इंजिनियर आज किसी नए प्रोजेक्ट के ऊपर काम शुरू कर सकतें हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के लिए अनुभवी व्यक्ति की सलाह ले सकतें हैं। आज आपको पूर्व में किये कार्यों का बढ़िया लाभ मिलेगा। आज आप किसी अच्छी कम्पनी में जॉब के लिए अप्लाई कर सकतें हैं, आपको जल्द ही ऑफर लेटर प्राप्त होगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा और परिवार में खुशहाली आएगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने ऑफिसियल काम पूरे करने के लिए किसी मित्र की सहायता ले सकतें हैं। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आज इस राशि के लेखक किसी नयी कहानी को लिखने का प्रयास करेंगें, जो सामाजिक जीवन से ओत - प्रोत होगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारिक लाभ होने के साथ - साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं, लेकिन आप थोड़ा ध्यान देंगें तो इससे बच जायेंगें। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे तो आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो भविष्य में आपके काम आएगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक बना रहेगा। आज इस राशि के टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े व्यक्ति को धन लाभ कमाने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। आज आप अपनी योजनाओं को गुप्त रखने का प्रयास करें अन्यथा विरोधी इसका लाभ उठा सकतें हैं। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकतें हैं , जहाँ आपके मन को शांति प्राप्त होगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको पैतृक सम्पति का लाभ मिलने से ख़ुशी होगी। आज भाई के साथ किसी काम को लेकर आप बात कर सकतें हैं, जिसमें वो आपका पूरा सहयोग करेंगें। आज किसी काम के सिलसिले में आपको दूसरे शहर जाना पड़ सकता है, इसलिए आप अपने डॉक्यूमेंट साथ रखें। आज काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप फैमली फंक्शन में शामिल होंगें, आपको देखकर सभी सदस्य खुश हो जायेंगें। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे 7 आज आपकी रूचि सामाजिक कार्यों में बनी रहेगी, आपके द्वारा किये गए कार्य दूसरों के जीवन में अच्छा बदलाव लेकर आयेंगें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगें, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस राशि के विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत से जल्द ही किसी एग्जाम को क्रैक कर लेंगें। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि की महिलाएं आज किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापारिक रिश्ते मजबूत होंगें जो भविष्य में आपका लाभ करायेंगें। आज आप व्यर्थ की बातों से दूर रहें और अपने काम के ऊपर फोकस करें। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। आज आप अपने किसी कोर्स में बदलाव करेंगें, जिसका आपको फायदा मिलेगा।

# नि:शुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक बेहतरीन पहल - डॉ. रमन सिंह

**जिले के 11 केन्द्रों में नि:शुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग की मिलेगी सुविधा, 648 बच्चे होंगे लाभान्वित**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम सोमनी में निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग का शुभारंभ किया। इस दौरान राजनांदगांव विधानसभा के 18 हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड का भी शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए जिले के 11 केन्द्रों में निःशुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। निःशुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए यह कोचिंग महत्वपूर्ण एवं उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि निजी कोचिंग क्लास में नहीं जाकर यहां प्रारंभ ऑनलाईन कोचिंग से जुड़कर घर एवं स्कूल में ही राष्ट्रीय स्तर परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा मिलने जा रही है। इस क्षेत्र के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर डॉक्टर, इंजीनियर, बने और सफलता प्राप्त करें, ऐसी उम्मीद है। ऐसे विद्यार्थी जो रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई नहीं जा सकते, उनके घर तक कोचिंग की सुविधा मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से बेहतरीन पहल की गई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन कोचिंग से जुड़कर सभी विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को सही दिशा देते हुए सीखे और निरंतर अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होकर सफलता प्राप्त करना जीवन की बड़ी उपलब्धि है। आपकी मदद के लिए निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग आधार बना है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक प्रेरक पहल की गई है। उन्होंने कहा कि आप जीवन में एक बार अच्छी पढ़ाई कर एक अच्छा जीवन जी सकते है। उन्होंने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा रूचि लेकर जिले में प्रारंभ की गई की पहल की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री प्रदान की। सांसद श्री संतोष पाण्डे ने कहा कि निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग शिक्षा के क्षेत्र में आमुलचूल परिवर्तन है। जिले भर में 11 केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। विद्यादान सबसे बड़ा दान है। अभिभावक अपने बच्चों को अधिक से अधिक इस अभियान से जोड़े, ताकि बच्चे अधिक संख्या में लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विनोबा फाउंडेशन के माध्यम से आधारभूत शिक्षण को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया गया। इसके साथ ही निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग के माध्यम से कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत 684 विद्यार्थियों के लिए 2 वर्षीय नीट-जेईई की तैयारी के लिए कक्षाएं शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि कक्षा 11वीं के लिए 2 वर्षीय कार्यक्रम है, ताकि वह बेहतर तैयारी कर सके। यह कोचिंग की सुविधा निःशुल्क है और 700 से अधिक बच्चों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि फिजिक्स वाला कोचिंग इंस्ट्यिूट भिलाई एवं भिलाई एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई के सहयोग से जेईई एवं नीट की तैयारी करने वाले कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग क्लास की ऐतिहासिक शुरूआत की गई है। इसके तहत प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को विशेष विषेशज्ञों द्वारा 4 घंटे कक्षाएं ली जाएगी। साथ ही स्थानीय शिक्षकों के क्षमता निर्माण हेतु मदद करेंगी। ऑनलाईन कोचिंग के माध्यम से बच्चों को मार्गदर्शन देने के साथ ही उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, कोमल सिंह राजपूत, राजा माखीजा, सुमीत उपाध्याय, भावेश बैद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला समन्वयक साक्षरता सतीश ब्यौहारे एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विधायक की उपस्थिति में महाआरती और प्रसादी भंडारे का वितरण



डोंगरगढ़(दावा)। आर्यन गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक भगत सिंह वार्ड के तत्वाधान में आयोजित महाआरती और भंडारे में डोंगरगढ़ की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल स्वयं उपस्थित हुईं और आयोजित भंडारे में खुद ने भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया। विधायक श्रीमती बघेल के साथ शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, कांग्रेस नेता निज़ार जीवा, टीनकु जीवा, प्यारेलाल पुरोहित, अमित कन्नौजिया, विजय अग्रवाल, हरलाल नामदेव सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे। सफल आयोजन के लिए विधायक श्रीमती बघेल की ओर से आयोजन समिति को शुभकामना दी गई।

## मरणोपरांत नेत्रदान से किसी के जीवन में हो सकता उजियारा - बीएमओ डॉ सुचित्रा श्रीवास्तव

**शास. नेहरू महाविद्यालय में नेत्र सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया**




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 2 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग से बी.एम.ओ. डॉ. सुचिता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। साथ ही डॉ. योगेश कन्नौजे (एम.ओ.), अनिल कुमार श्रीवास्तव (सहायक जिला नोडल अधिकारी), राजेश राउतकर (नेत्र सहायक अधिकारी) तथा सरोज कुमार राजेकर (स्वास्थ्य पर्यवेक्षक) भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में बताया कि 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर नेत्र सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाता है। इस वर्ष इसका मुख्य उद्देश्य नेत्रदान महादान की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है।

इस अवसर पर डॉ. योगेश कन्नौजे (एम.ओ.), अनिल कुमार श्रीवास्तव (सहायक जिला नोडल अधिकारी), राजेश राउतकर (नेत्र सहायक अधिकारी) तथा सरोज कुमार राजेकर (स्वास्थ्य पर्यवेक्षक) ने कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 4000 लोगों को नेत्रदान की आवश्यकता है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने 1000 नेत्रदान का लक्ष्य रखा है। यदि यह लक्ष्य पूरा होता है, तो प्रत्येक पंजीकृत दाता को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में विशेष रूप से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला और कई विद्यार्थियों ने नेत्रदान के लिए पंजीयन फॉर्म भरे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नेत्रदान का संकल्प समाज के लिए सबसे बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि डॉ. सुचिता श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव ने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा पवित्र कार्य है, जो मरणोपरांत किसी अंधकारमय जीवन में प्रकाश ला सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि समाज में नेत्रदान को लेकर कई भ्रांतियाँ व्याप्त हैं, जिन्हें दूर करना आवश्यक है। किसी भी सामान्य व्यक्ति द्वारा नेत्रदान किया जा सकता है, केवल गंभीर बीमारी से पीड़ित अथवा अप्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में ही नेत्रदान संभव नहीं होता।

## सिंगरायटोला में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

चिल्हाटी (दावा)। सिंगरायटोला में यूवा संगठन समिति और समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में 6 सितम्बर 2025 दिन शनिवार को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नम्रता सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष मो.मानना, अं, चौकी) विशिष्ट अतिथि-शांति बाई त्रिपुरे(जिला पंचायत सदस्य) सुशीला गावरे (जनपद सदस्य) संजय मरावी (थाना प्रभारी चिल्हाटी) विशेष अतिथि - सरपंच एवं समस्त पंच, ग्राम वासियों उपस्थित रहेंगे। विजेताओं को क्रमश-7001, 5001, 3001, 2001, के साथ बेस्टरेडर, बेस्टकेचर, बेस्ट आलराउंडर, आकर्षक पुरस्कार रखा गया है।

## नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिया का ग्रामीण युवा मोर्चा द्वारा किया गया भव्य स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह जी के मार्गदर्शन एवं जितेंद्र साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा राजनांदगांव ग्रामीण के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल के ग्राम टेढ़ेसरा में नवनियुक्त प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिया का राजनांदगांव प्रथम आगमन पर युवा मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया ।



स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह एवं मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने दिए प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ग्रामीण युवा मोर्चा द्वारा आत्मीय स्वागत के लिए आभार करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे इसलिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को काम करना होगा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जनपद सभापति साकेत दाऊ, युवा मोर्चा महामंत्री नील निर्मलकर, सरपंच चुनेश्वर साहू, युवा मोर्चा शत्रुघन मानिकपुरी, अविनाश साहू सरपंच अजय साहू, प्रतिनिधि, तेजप्रकाश सिन्हा, छबि यदु, गोपाल साहू, महामंत्री संदीप साहू, पाशपाल साहू, अनिल साहू,पवन सोनी, राधेश्याम साहू, अवधेश मिश्रा, रोशन शर्मा, भीष्म साहू, रोहित विश्वकर्मा, शुभम देशमुख, धर्मेंद्र साहू, विजय साहू, प्रताप साहू, कौशल साहू, मानसिंह साहू, अजय राजपूत, लक्ष्मण साहू, अंगद साहू, मनीष साहू, बलदेव साहू, मनहरन साहू, निखिल साहू, पिंटू देशमुख, रूपेश साहू, राहुल देवांगन, दीपक मानिकपुरी, हर्ष कौशिक, साहिल लहरें, यशवंत साहू, लीला साहू, सहित पूरी युवा मोर्चा टीम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिया का राजनांदगांव प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : विधानसभा अध्यक्ष ने 63 बालिकाओं को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत किया



**निःशुल्क सायकल मिलने पर बालिकाओं के चेहरे में दिखी खुशी एवं उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम सोमनी में सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 63 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बालिकाओं से बातकर उनके पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं को बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। निःशुल्क सायकल मिलने पर बालिकाओं में खुशी एवं उत्साह दिखाई दिया। बालिकाओं ने बताया कि सायकल मिलने पर अब उनकों स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री राजा माखीजा, श्री सुमीत उपाध्याय, श्री भावेश बैद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, जिला समन्वयक साक्षरता श्री सतीश ब्यौहारे एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी रहे।

## बदल दी पढ़ाई और शाला की तस्वीर, दान और ग्रामीणों के सहयोग से बढ़ाया शाला का मान

मोहला (दावा)। शिक्षक समाज का दर्पण है, और समाज को आगे बढ़ाने में आज सबसे बड़ी भूमिका का निर्वहन रहा है। ऐसे शिक्षक जो स्वयं को स्कूल और छात्रों के भविष्य संवारने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करते है। इस संदर्भ को नया आयाम बदलाव और विश्वास के साथ अपने शिक्षकीय कार्यशाला को आदर्श बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित और बेहतर कार्य के लिए तत्पर रहते है। इसी बात को चरितार्थ करते रहे है। जी हाँ जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के विकासखण्ड मोहला के शासकीय प्राथमिक शाला मार्री के प्रधान पाठक किशन श्यामकुंवर और सहायक शिक्षक मुकेश कोमरे द्वारा। जहाँ 45 सालो से अतिजर्जर शाला भवन में पढ़ाई होती थी और नया प्राथमिक शाला भवन नही बना था, दोनों शिक्षक के प्रयासों से शाला प्रबंधन समिति के विश्वास और ग्रामवासीयों मार्री के अथक प्रयासों से नव शाला भवन का निर्माण शासन से खनिज मद से पारित कर जुलाई 2025 से नव शाला भवन मे अध्यापन कार्य किया जा रहा है। खुशी की लहर अपने स्वयं का प्राथमिक शाला छात्र-छात्राओं में नया अनुभव प्राप्त हो रहा है, जो कि बड़े ही गर्व की बात है।

इस नवीन प्राथमिक शाला शाला भवन में भी अनेक समस्याओं थी, जैसे नया किचन भवन नही था, प्राथमिक शाला शाला प्रबंधन समिति कि अध्यक्ष श्रीमति अनिता यादव के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों ने अस्थायी रूप से अपने खर्चो पर मेहनत और लगन से बच्चों के हित में साधनों का जुगाड़ कर बांस, टीना, बल्ली, झिल्ली से किचन शेड निर्माण कर बच्चों को उपहार स्वरूप दिया जो की बरसात के दिनों में अत्यधिक महत्वपूर्ण था। विकासखण्ड स्तर पर एक मिसाल है, शाला प्रबंधन समिति शाला के विकास के लिए, बच्चों के विकास के हर सम्भव सहायता के तत्पर रहेगी। नया सत्र 2025-2026 में नवीन प्राथमिक शाला नव भवन के उपलक्ष्य मे ग्रामवासीयो मार्री के दानदाताओं द्वारा खुले हृदय से विभिन्न प्रकार के सामान ग्रीन बोर्ड,



दर्पण, जग, बाल्टी गमला, घड़ी कार्पेट, काँच गिलास, टाई, बेल्ट, कुर्सीयाँ, पर्दा क्लाथ, टावेल, कढ़ाई और अन्य सामग्री दान कर, दान की महत्ता को सार्थक कर दिया। शाला के प्रति अपने सहयोगात्मक एवं दानशीलता तथा लगाव प्रेरित करता है। शाला के प्रधान पाठक किशन श्यामकुंवर और उनके नेतृत्व में शासन के निर्देशानुसार नशा उन्मूलन में नशा के प्रति रोकथाम, रंगमंच तैयार कर जन जागरूकता फैलाकर युवाओं, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणजनों में प्रचार प्रसार करना, नशामुक्ति की शपथ दिलाई। नुक्कड़ नाटकों के द्वारा जन जागरूक प्रचार, स्लोगन तथा प्रिंट रिंच के माध्यम से नशा उन्मूलन में गुटका, पाउच, तम्बाकू, बीड़ी सिगरेट और शराब के दुष्परिणाम बताकर लोगों को नशामुक्त कराने में अपनी टीम के साथ सशक्त भूमिका निभा रहे है।

बच्चों के प्रति शिक्षा की अलख जगाने एवं नवाचार में नव विहान बच्चों की हस्तलिखित पुस्तिका जिसमें बच्चों के मानसिक, बौद्धिक, अपने मन के भावों को गीत, कविता, लेखन, चित्रकला एवं शाला की उपलब्धियों, बुध्दीजीवियों के विचार और चित्रमय झाकीयाँ, अभिव्यक्ति नवाचार के माध्यम से संचालन किया है। सर्वप्रथम पढाई को महत्व देने में एकलव्य प्रतियोगिता परिक्षा में सत्र 2022-2023 में कु. जास्मिन रावटे ने वेटिंग लिस्ट में अपना स्थान बनाया। दूसरे सत्र 2023-2024 मे रजनीकांत पाटील ने वेटींग लिस्ट में स्थान बनाया। साथ में कमजोर बच्चों को नवोदय एवं एकलव्य प्रतियोगिता परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग दे रहे है, छात्र-छात्राओं के प्रति पढ़ाई की ललक और उत्साह का संचार के माध्यम से कर रहे है। कबाड़ से जुगाड़ एव शुन्य निवेश आविष्कारक में शाला को विकासखण्ड स्तर पर पुरस्कार भी प्राप्त हुए है। पढ़ाई में रोचकता और विभिन्न प्रकार के विषय आधारित कक्षा पहली से पाँचवी तक हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण स्लोगन, विचार, मॉडल, सिखने-सिखाने के सभी पहलू पर आधारित खेल-खेल के माध्यम से झूलना बनाओ, खिलौना बनाओ, तिरंगा निर्माण, राखी बनाओ, रंगोली, चित्रकला, पर्यावरण एक पेड़ माँ के नाम से, वृक्षारोपण, किचन गार्डन, मुस्कान पुस्तकालय, साक्षर भारत नशा मुक्ति दिवस, ग्रीन डे, बाल दिवस, शिक्षक दिवस, संविधान दिवस, मातृ- पितृ दिवस, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण बताओ, शाला प्रवेशोत्सव, महात्मा गांधी दिवस, फैन्शी डैंस, पर्यावरण बचाओ अभियान राधा कृष्ण, दही लूट, स्वच्छ भारत आदी को बढ़ावा देकर नव शिक्षा और बौद्धिक शिक्षा के रूप मे शाला की नयी पहचान दिलाने का कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से कर रहे है। ग्रामवासी श्रीमति नारायणी साहू कहती है 'किशन सर जब से शाला में आये है व्यवहार में बच्चे संस्कारी हो गये है, हमारे बच्चे माता पिता के रोज चरण स्पर्श कर शाला जाते है।' सचिन यादव 'प्रधान पाठक बच्चों से बहुत स्नेह करते है। नृत्य, गीत, खेल में बच्चों ने ग्राम मार्री का नाम रोशन किया है।' सुदर्शन कोलियारे 'श्यामकुंवर सर शाला और बच्चों के प्रति समर्पित होकर कार्य करते है।' त्रिभुवन दास साहू 'हमारे सर लोगों के कारण ही नया प्राथमिक शाला भवन और किचन शेड का निर्माण हुआ है तथा शाला में विकास हो रहा है।' प्रधान पाठक किशन श्यामकुवर बहुभाषा पद्धति के मेन्टर, विभिन्न प्रशिक्षण में मास्टर टैनर रह कर शिक्षकों को प्रेरित करते रहते है।

## पीएम श्री सेजेस गण्डई में रजत जयंती का आयोजन किया गया



गण्डई (दावा)। नगर के पीएम श्री स्व.लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय, गण्डई में छ.ग. राज्य की स्थापना की 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 28 अगस्त 2025 से 07 सितंबर 2025 तक समयसारिणी अनुसार रजत जयंती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से पुस्तक वाचन, स्पीड रीडिंग, पुस्तक प्रदर्शनी, एलुमनी बैठक, क्विज प्रतियोगिता, इतिहास लेखन, भाषण, शिक्षक दिवस और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजत जयंती का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के मार्गदर्शन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी महेश सिंह ठाकुर, राकेश रोशन शर्मा, देवेन्द्र वासनिक, श्रीमती किरण वर्मा रहे। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम के प्रथम दिवस में छात्रों को पुस्तक वाचन कराया गया और पुस्तक वाचन के महत्व को समझाया गया। द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों के द्वारा स्पीड रीडिंग कराया गया। तृतीय दिवस में स्कूल के विकास की प्रदर्शनी किया गया एवं लाइब्रेरी में विभिन्न प्रकार के पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर एवं पुस्तकों को पढ़कर आनंद का अनुभव किया। रजत जयंती में भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ एलुमनी बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें उनके द्वारा अपने अनुभवों का साझा किया गया। इस अवसर पर 2020 पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता और समझ को बढ़ाने एवं छात्र में नीति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी एवं रूचि विकसित करने के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। इतिहास लेखन का आयोजन भी किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने गांव, स्कूल या वार्ड के इतिहास से जोड़ना एवं अभिव्यक्ति, लेखन और वाचन कौशल को प्रोत्साहित करना एवं स्थानीय इतिहास को संरक्षित करना है।

पुष्पगुच्छा से सम्मान किया गय रजत जयंती के आयोजन के अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ वैद्यनाथ नागेन्द्र, जीवन लाल देवांगन, दिलीप कुमार शर्मा, व्यासनारायण रत्नाकर, सचिन कुमार आंचले, ओमप्रकाश निषाद, सुश्री योगेश्वरी तारम, श्रीमती स्मिता दास, जसबीर सिंह, रामकुमार केंवट, मनीज दास, सुश्री स्नेह एक्का, सुश्री नंदिनी जांगड़े, सुश्री भुवनेश्वरी साव, सुश्री सुरभि उइके, सुश्री किरण ठाकुर, मुकेश यादव, दुर्गेश कुमार सेन, प्रिंकेश कश्यप, सुश्री निधि चैहान, शुभम सिंह, हेमंत कुमार, श्रीमती ममता सोनी, सुश्री दिव्या श्रीवास्तव, रूपेन्द्र साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले अनेक ऑनलाइन सेंटर के संचालकों पर होगी एफआईआर

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले अनेक ऑनलाइन सेंटरो से फर्जी राशन कार्ड बनाने का मामला प्रकाश में आया है। जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारी व जनपद सदस्यों के संरक्षण में चल रहे राशन कार्ड बनाने के गोरख धंधे पर उस समय ब्रेक लगा जब पूर्व जनपद सीईओ सातपुते के डिजिटल हस्ताक्षर से ग्राम मेंढ़ा के ग्रामीण के पास से राशन कार्ड बरामद किया गया। जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू के नेतृत्व में प्रभारी माखन चंद्रवंशी द्वारा संदिग्ध पाए गए जनपद के ऑपरेटर व ऑनलाइन सेंटर के अनेक संचालको से बारीकी के साथ पूछ ताछ चालू कर दी गई है।




- जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त कर हजारों रुपए रिश्वत लेकर बनाए जा रहे थे फर्जी राशन कार्ड
- पूर्व जनपद सीईओ सातपुते के डिजिटल हस्ताक्षर से बनाए जा रहे हैं फर्जी राशन कार्ड

जिसमें और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आने की संभावना बनी हुई है। जनपद पंचायत के पदाधिकारियों एवं जनपद सदस्यों द्वारा ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से अवैध राशन कार्ड के बदले प्रत्येक ग्रामीणों से तीन से पांच हजार रुपए के बीच राशि लेकर सैकड़ो अवैध राशन कार्ड बनाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।


सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व जनपद अध्यक्ष व डोंगरगांव विधायक प्रतिनिधि भावेश सिंह द्वारा जिला पंचायत सीईओ के संज्ञान में मामले को लाकर दोषियों पर त्वरित कार्रवाई का निवेदन किया गया था।

जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू द्वारा तत्काल प्रभाव से जांच प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल द्वारा भी जनपद सीईओ से मांग की गई है कि, सभी का राशन कार्ड निशुल्क बनाने की व्यवस्था की जाए और गरीबों को लूटने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई हो। राशन कार्ड विभाग के प्रभारी माखन चंद्रवंशी ने चर्चा के दौरान स्वीकार किया कि फर्जी राशन कार्ड बनाने के अनेक सबूत मिले हैं। जिसकी जांच की जा रही है। विकासखंड में जितने भी राशन कार्ड संचालित है,भविष्य में सभी का सत्यापन कराने की योजना पर कार्य किया जाएगा।

### फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई - सीईओ भगवती साहू

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की सीईओ भगवती साहू द्वारा कहा गया है कि अवैध तरीके से ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से फर्जी राशन कार्ड बनाने की जानकारी प्राप्त हुई है।जिसकी जांच की जा रही है। जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।


























**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार, हेल्पर एवं ड्रायवर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

संपर्क :- दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726















# तीन साल का हुआ जिला, दो साल से भूल रहा प्रशासन, आनन फानन में हुआ आयोजन, फीके जश्न पर भड़के नेता

खैरागढ़ (दावा)। नगरपालिका चुनाव के बाद विधानसभा उपचुनाव में किया गया वादा विधानसभा वासियों को सन् 2022 के विधानसभा चुनाव जितने के तुरंत बाद खैरागढ़ छुईखदान-गंडई को जिला बनाने की घोषणा कि थी। उसके बाद 03 सितंबर को भारी बारिश के बीच वो यह वही तारीख है जब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उपचुनाव के दौरान जनता से किया वादा निभाते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को नया जिला बनाने की घोषणा के बाद खैरागढ़ के राजा फतेह सिंह खेल मैदान में उपस्थित जनता-जनार्दन को खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले की बागडोर सौंपी थी।

### यह लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी

जिले की घोषणा के साथ ही पूरा अंचल जश्न में डूब गया था। लेकिन तीन साल बाद, जिले के स्थापना दिवस का हाल यह रहा कि अफसर भूल बैठे और आनन-फानन में आयोजित कार्यक्रम फीका साबित हुआ।

प्रशासन की लगातार दूसरी बार लापरवाही भूले जिले की स्थापना दिवस को जिला बनाने के बाद प्रथम स्थापना दिवस को छोड़कर। पिछले वर्ष 2024 में भी जिला प्रशासन ने कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया था। तब शाम को विधायक यशोदा वर्मा और कांग्रेस नेताओं अलग से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया था और प्रशासन व भाजपा सरकार पर लापरवाही के आरोप लगाए थे। इस बार सन् 2025 में भी वही स्थिति दोहराई गई।



**शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में आपसी सहयोग से होगा सुविधा विस्तार**

### मिडिया कर्मियों के याद दिलाने के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में किया आयोजन

जिला बनने के तीसरे स्थापना दिवस पर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में ही छोटा सा कार्यक्रम रखा गया। इसकी जानकारी भी अचानक मिडिया कर्मियों से मिलने पर हुई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सभाकक्ष में विचार-विमर्श का दौर चला।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यशोदा वर्मा उपस्थित रही। जनपद अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष तारकेश्वर शाह खुसरो, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, डीएफओ पंकज राजपूत, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गंडई श्यामपाल ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, अरुण भारद्वाज, पार्षद अजय जैन, रूपेंद्र रजक, शैलेन्द्र त्रिपाठी, बिशेसर दास साहू सहित मिडिया कर्मियों, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### नेताओं ने साधा निशाना विधायक यशोदा वर्मा ने कहा

यह जिला कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार की देन है। आज जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, उनका श्रेय कांग्रेस को जाता है। अफसोस है कि बात है कि प्रशासन और भाजपा प्रतिनिधि स्थापना दिवस जैसे ऐतिहासिक दिन को भूल गए। इसलिए यह कार्यक्रम फीका रह गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष तारकेश्वर शाह खुसरो शाह ने प्रशासन पर छुईखदान और गंडई की अनदेखी का आरोप लगाया और वहां भी सरकारी दफ्तर खोलने की मांग की। वहीं जनपद अध्यक्ष राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा जिला कांग्रेस ने बनाया जरूर है, लेकिन उसे संवारने का काम हमारी सरकार कर रही है। आने वाले वर्षों में जिले का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने स्वीकार किया कि कार्यक्रम अचानक हुआ और आश्वासन दिया कि अगले साल से स्थापना दिवस वृहद स्तर पर मनाया जाएगा।

### जिला महोत्सव का सुझाव

कार्यक्रम में मौजूद कुछ लोगों ने यह भी सुझाव दिया कि आने वाले वर्षों में जिला स्थापना दिवस को केवल सरकारी आयोजन तक सीमित न रखकर, जनभागीदारी के साथ 'जिला महोत्सव' के रूप में मनाया जाए। उनका कहना था कि इससे न केवल इतिहास को संजोया जा सकेगा बल्कि जिले की संस्कृति और पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

# राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित नीलकंठ कोमरे



**शिक्षा, पर्यावरण और समाज सेवा का अद्वितीय संगम**

राजनांदगांव(दावा)। उत्कृष्ट विद्यालय से 100 से अधिक बच्चों का चयन नवोदय, प्रयास और एकलव्य विद्यालयों में कराने वाले, समाज में शिक्षा, पर्यावरण और सेवा का आदर्श स्थापित करने वाले नीलकंठ कोमरे को उनके अद्वितीय योगदान के लिए राज्यपाल पुरस्कार से 2024 सम्मानित किया गया। प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट चयन कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर नीलकंठ कोमरे ने अपने विद्यालय से अनेक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित करवाया। यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए योगदान

'स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है'– इस सिद्धांत पर चलते हुए नीलकंठ कोमरे ने वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियानों का नेतृत्व किया। उनके प्रयासों से कई गांव और विद्यालय हरियाली और स्वच्छता की मिसाल बने।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

मानव सेवा को सर्वोच्च मानते हुए उन्होंने समाज के युवाओं के साथ मिलकर कई रक्तदान शिविर आयोजित किए, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका।

### विद्यालय को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

समाज के सहयोग से नीलकंठ कोमरे ने अपने विद्यालय में शुद्ध पेयजल, ग्रीनबोर्ड, विद्यालय के भौतिक संसाधन, पुस्तकालय, खेल सामग्री समाज के सहयोग से और स्वच्छ शौचालय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित कीं। इससे न केवल अध्ययन का वातावरण बेहतर हुआ, बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ा।

### राज्यपाल पुरस्कार-एक प्रेरणा

यह पुरस्कार नीलकंठ कोमरे के अथक परिश्रम, ईमानदारी और सेवा भावना का प्रतीक है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देती है कि शिक्षा, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संगम ही उज्ज्वल भविष्य की राह बनाता है। नीलकंठ कोमरे की कहानी इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प अडिग हो और प्रयास सतत हों, तो व्यक्ति न केवल अपनी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है, बल्कि पूरे समाज और पर्यावरण को भी नई दिशा दे सकता है।

# विभागीय नवीन खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में संपन्न



**शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया**

डोंगरगढ़ (दावा)। विभागीय नवीन खेलकूद प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में संपन्न हुआ। जिनमें सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के छात्रों का वर्चस्व रहा शतरंज में बाल वर्ग से भैया मयंक सहारे, मयंक पांडे, गुरुदत्त सहारे, तुषार टेम्भुरकर निशांत जैन प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं किशोर वर्ग शतरंज में भैया विवेक कुमार ताम्रकार वेद प्रकाश वर्मा हिमांशु सोनी रामकृष्ण दुबे प्रथम स्थान और तरुण वर्ग बहन द्रोणी सिन्हा लता साहू मानसी यादव प्रथम स्थान पर आए हैं विद्यालय के क्रीड़ा प्रमुख सौरभ फुले के मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया गया था और श्रीमती कौशल्या वर्मा संरक्षक आचार्या के रूप में उपस्थित रही।

प्रतियोगिता में शामिल भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद साथ ही पूरा विद्यालय परिवार ने बधाई प्रेषित की है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव ,वीर सिंह यादव,धर्मेंद्र गोमस्ता,बोधन भारद्वाज , विनोद ताम्रकार, सुशील यादव ,ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस. राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति बाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव ,माया वशिष्ठ ,ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते ,ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले शामिल है।

# प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू का हुआ मोहला मानपुर में भव्य स्वागत



मोहला (दावा)। नवनिर्वाचित निर्विरोध छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष बने डॉ. नीरेंद्र साहू का एक दिवसीय दौरे पर अंबागढ़ चौकी-मोहला-मानपुर जिला पहुंचे थे। जहां पर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं स्वजातीय बंधुओं ने गाजे बाजे और भव्य आतिशबाजी के आगवानी करते हुए मंचस्थ किए। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त कर्मा माता जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना के साथ हुई। अपने स्वागत भाषण में तहसील अध्यक्ष गयादास साहू ने कहा कि समाज के प्रदेशाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचित होना यह समाज के लिए एक अच्छा संदेश है और हम सब सामाजिक जन भी आशा करते हैं कि इकाई से लेकर जिला में भी यही पद्धति अपनाई जाएगी। समाज को संबोधित करते हुए अपने आत्मीय संबोधन में कहा कि आज आपके बीच में आकर मैं अपने आपको अत्यंत गर्वान्वित महसूसहो रहा है।स्वागत भाषण के दौरान जो छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष होने के नातें समाज मुझसे जो उम्मीद कर रहा है कि नीचे ईकाई से लेकर जिला पदाधिकारी की नियुक्ति सर्वसम्मति से हो तो इसके लिए प्रदेश के वरिष्ठों ने दर्शन करा दिया है।

आपके भरोसे और विश्वास को टूटने नहीं दिया जायेगा यह भरोसा दिलाता हूं और निर्विरोध चुने जाने कि प्रक्रिया को आगे भी निरंतरता बनी रहे यही हमारी टीम की कोशिश होगी। डॉ.साहू ने आत्मीय अभिनंदन के लिए जिले के समस्त पदाधिकारियों एवं स्वजातीय बंधुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। शपथ ग्रहण पश्चात अंबागढ़ चौक-मोहला-मानपुर पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के साथ प्रदेश के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष डॉ. तिलक साहू, सुनील साहू, प्रदीप साहू जिला महामंत्री नीलमणी साहू, महेश्वर साहू भी साथ थे। जहां आयोजकों ने उनका भी फूलमालाओं से जोशिला स्वागत किया। समापन समारोह के अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह गरिमामय उपास्थिती रही। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मदन साहू, महामंत्री चेतन साहू, चौकी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, गिरीश साहू, आर.डी. साहू, तहसील अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू मोहला, तहसील अध्यक्ष चौकी गयादास साहू, तहसील अध्यक्ष मानपुर यशवंत साहू, सचिव शेषराम साहू, मंडल अध्यक्ष दुर्योधन साहू, अरुण साहू, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री नूतन साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती हिलेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

# भूगोल विभाग की प्रवीण्य सूची में स्थान पाने वाली दिव्या नामदेव को विधायक ने दी शुभकामनाएं



डोंगरगढ़(दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने दिव्या नामदेव को भूगोल विभाग की प्रवीण्य सूची में स्थान पाने पर बधाई देकर अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक श्रीमती बघेल भारत माता चौक डोंगरगढ़ के गणेश उत्सव के भंडारे और महा आरती में शामिल होने के दौरान दुर्ग विश्व विद्यालय की भूगोल विभाग की प्रवीण्य सूची में स्थान पाने वाली प्रथम छात्रा दिव्या नामदेव से मुलाकात की थी।

# सेंदरी में आज शिक्षक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सेंदरी हाईस्कूल में आज शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह व परिचर्चा सहित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रगति शील मंच के संरक्षण थान सिंह वर्मा होंगें है। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' द्वारा की जाएगी। डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल सेंदरी में आज 5 सितंबर शुक्रवार को प्रात 11:00 बजे से आयोजित इस शिक्षक सम्मान समारोह, परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी में विशेष आमंत्रित शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा व पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा छुरिया के बैनर तले काव्य गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित की गई है। साहित्य समिति के सचिव हेमलाल सहारे ने बताया कि परिचर्चा का विषय राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका रखा गया है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : ग्राम गर्रापार में विशेष किसान चौपाल का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर छुरिया विकासखंड के ग्राम गर्रापार में ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य कम पानी की खपत वाले फसल हेतु विशेष किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य कम पानी की खपत वाले दलहन-तिलहन, मक्का एवं अन्य फसलों के संबंध में जानकारी दी गई।

# नक्सल पीड़ित एवं आत्मसमर्पित एवं लोगों ने राहत पुनर्वास नीति योजना का लाभ दिलाने सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जिले सहित मानपुर मोहला आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए नक्सल पीड़ित व आत्म समर्पित लोगों ने बुधवार 3 सितंबर को पुलिस महानिरीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपने वाले नक्सल पीड़ित व आत्म समर्पित पुरुष व महिलाओं का कहना है कि हम सभी लोग नक्सल पीड़ित परिवार से है मानपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़ जिला के निवासी हैं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति 2025 योजना बनाया गया है, जिसमें राज्य गठन उपरांत से मृतक के परिवार को शासकीय नौकरी, आर्थिक सहयता राशि, आवासीय जमीन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का प्रावधान हैं, लेकिन आज तक हम पीड़ित परिवार को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अतः उन पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति योजना का लाभ जल्द से जल्द दिलाई जाए।

उनकी मांग में पुनर्वास नीति तहत मृतक के परिवार को शासकीय नौकरी देने, पुनर्वास नीति तहत मृतक के परिवार को नौकरी या बदले में 15 लाख रुपये दिया जाए, परिजनों की मांग अनुसार नौकरी या नौकरी के बदले में राशि 15 लाख दिया जाए, पुनर्वास नीति तहत राज्य गठन उपरांत से मृतक के परिवार को 5 लाख आर्थिक सहायता राशि व पुनर्वास नीति तहत मृतक के परिवार को शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय जमीन व् प्रधानमंत्री आवास का लाभ दी जाए तथा पुनर्वास नीति तहत परिवार के दो बच्चों को शिक्षा हेतु छात्रवृति दी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों म सुशान चालक खुशीला कोरात ,रेखा पोती उर्मिला यादव अनिरुबाई गोविन पाठ, छेदैमा कलेश्वरी आदि के नाम शामिल हैं।

### खैरागढ़ में संविदा पदों पर भर्ती, 18 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

खैरागढ़ (दावा)। आदिवासी विकास विभाग खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय आयुक्त, आदिवासी जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार यह भर्ती की जा रही है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक, वन अधिकार अधिनियम) के लिए 01 पद स्वीकृत है, जिसमें चयनित अभ्यर्थी को रूपये 30,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसी प्रकार एसआईएस सहायक (सहायक- वन अधिकार अधिनियम) के लिए भी 01 पद स्वीकृत है, जिसका मानदेय रूपये 20,000 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से मिलेगा स्वंय का आवास

**आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचने आयुक्त ने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस एक संवेदनशील पहल इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है। उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1340 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 590 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 91 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत 822 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया कि रेवाड़ीह मोहारा 340 युनिट की राशि 2,67,971.00 रुपये निर्धारित है। योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है। उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुश्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है। उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं शेष राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली में 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री में 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा में 2.80,115.00 रू. निर्धारित है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचे, आवास हेतु किसी भी व्यक्ति से पैसे का लेनदेन ना करें। आवास भुतल या नीचे ऊपर दिलाने के लिए भी किसी से संपर्क कर किसी को भी पैसा न देवे। बाहरी व्यक्तियों के द्वारा आवास दिलाने संपर्क किया जा रहा है, इस प्रकार की शिकायतें लगातार निगम कार्यालय को प्राप्त हो रही है। किसी भी व्यक्ति से इस संबंध में चर्चा कर पैसे का लेनदेन ना करें। क्योंकि वे व्यक्ति निगम से संबंधित नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

### दिवाली से पहले खुशियों का डबल धमाका.....

प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी में आगे बढ़ते भारत में जीएसटी में भी नेक्स्ट-जेनरेशन रिफॉर्म किया गया है। तस्ज्ञ 2.0 ये देश के लिए सपोर्ट और ग्रोथ की डबल डोज है। नए जीएसटी रिफॉर्म से देश के हर परिवार को बहुत बड़ा फायदा होगा। गरीब, निओ मिडिल क्लास, मिडिल क्लास महिलाएं, स्टूडेंट्स, किसान, नौजवान... सभी को जीएसटी टैक्स कम करने से जबर्दस्त फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा, जीएसटी में रिफॉर्म्स से भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न जुड़े हैं। पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ। दूसरा, भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी। तीसरा, उपभोग और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा। चौथा, व्यापार करने में आसानी से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा। पांचवां, विकसित भारत के लिए सहकारी संघवाद और मजबूत होगा।

**विधानसभा में जोरदार हंगामा....**

उन्होंने कहा, बीजेपी बंगाल विरोधी पार्टी है। वह राज्य को उपनिवेश बनाना चाहती है। ममता ने केंद्र सरकार पर विदेशी ताकतों के सामने झुकने का आरोप भी लगाया। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के संबोधन को मोदी समुदाय से जोड़ते हुए कहा, सदन में उन्होंने पूरे मोदी समाज का अपमान किया है। हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ केस दर्ज कराएंगे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव-2026 अगले साल हैं। इसे लेकर सियासी सरगर्मी अभी से बढ़ गई है। भाजपा और TMC के नेता स्थानीय मुद्दों को लेकर आए दिन आमने-सामने होते हैं। ममता बनर्जी कथित वोट चोरी और बंगाली अस्मिता के मुद्दे को हवा दे रही हैं तो वहीं बीजेपी हिंदुत्व कार्ड खेल रही है।

**वोटर लिस्ट में नाम को लेकर...**

वोटर लिस्ट में था। यह नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट में था, जिसे 1982 में हटा दिया और बाद में 1983 में फिर से शामिल किया गया था। बता दें कि शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील पवन नारंग ने कोर्ट में कहा कि 1980 में जब उनका नाम शामिल किया गया था, तब चुनाव आयोग को कौन से दस्तावेज़ दिए गए थे? उन्होंने तर्क दिया कि बिना किसी कारण के नाम हटाए जाने से संदेह पैदा होता है, और कहा कि केवल एक नागरिक को ही मतदाता के रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है। नारंग ने दलील दी कि हो सकता है कि कुछ जालसाजी हुई हो, जिसमें किसी सार्वजनिक प्राधिकरण को धोखा दिया गया हो और उन्होंने अदालत से पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। हालांकि अभी तक इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पार्टी की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# महाविद्यालय में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर के निर्देशानुसार तथा एनएसएस इकाई प्रभारी अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का नेतृत्व दलनायक रितेश कुमार, उपदलनायक डेकेश्वर और उपदल नायिका लता यादव ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पी.जी. कक्षा परिसर, ग्राउंड और गार्डन की स्वच्छता कर स्वच्छता का संकल्प लिया।

# जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन में धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का एवं अन्य कम पानी की खपत वाले फसल लेने एवं फसल चक्र परिवर्तन की बात कही गई। बैठक में ग्रीष्मकालीन में धान उपार्जन मुक्त जिला बनाने के लिए विशेष अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। रबी सीजन में दलहन, चना, मूंग, मसूर एवं उद्यानिकी फसल लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को नल जल योजना की मरम्मत के बाद टेस्टिंग कार्य एवं सीसी रोड के मरम्मत कराने कहा गया। इसके शासकीय उचित मूल्य दुकान के आबंटन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा, खनिज, विद्युत, स्वास्थ्य, कृषि, वन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग सहित अन्य विभागों के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, प्रशांत कोडापे, अनीता मंडावी, किरण बारले, गोपाल भुआर्य, शीला सिन्हा, देवकुमारी साहू, बिरम मंडावी, अंगेश्वर देशमुख, महेंद्र यादव एवं जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ अनीता सिन्हा, डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर एवं विधायक प्रतिनिधिगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जिला पंचायत सुरूचि सिंह, उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक सहित जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान श्री गणेश की चने के दाने बराबर महाभारत लिखती मूर्ति



भिलाई (दावा)। भगवान् श्री गणेश द्वारा महाभारत की गाथा लिखते हुए संगमरमर पत्थर की अद्भुत सूक्ष्मतम् प्रतिमा। इस प्रतिमा का निर्माण सूक्ष्मकला के जादूगर डॉ. अंकुश देवांगन ने किया है। चने के दाने के बराबर इस कृति को कलाकार ने अपने ऊंगली के नाखून पर स्थापित किया है। अंकुश बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन दौरान होने वाले जल प्रदूषण से लोगों को जागरूक करने के लिए सूक्ष्म मूर्तियां बनाते हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को हम एक स्वस्थ धरती दे सकें। उनके कला की विशेषता है कि सूक्ष्मता के बावजूद भी उसमें समस्त अवयव विद्यमान होते हैं। प्रस्तुत मूर्ति में भगवान श्री गणेश के आंख, सूंड, हाथों में कलम और मोदक तथा गोदी में महाभारत पुस्तक बहुत ही अच्छे से परिलक्षित हो रहे हैं।

# नगर निगम में शोभा सोनी को श्रद्धांजलि दी गई



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष, समाज कल्याण बोड़ की पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर श्रीमती शोभा सोनी की पांचवीं पुण्यतिथि पर आज नगर निगम सभागृह में नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, पारस वर्मा एवं पार्षदों की उपस्थिति में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि श्रीमती शोभा सोनी कुशल जननेत्री के रूप में संस्कारधानी राजनांदगांव सहित प्रदेश में अपनी पहचान बनाई थी। वैश्विक महामारी कोरोना से आकस्मिक निधन होने से हमें अपूर्णीय क्षति पहुंची है। आज उनकी पॉचवी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, राजा माखीजा शैंकी बग्गा डीलेश्वर साहू पार्षद गण चंद्रशेखर लश्करे सतीश साहू हेमंत शेखर यादव चंद्रकृत साहु, संतोष निर्मलकर, कुलेश्वर ध्रुव, प्रमोद झंझाडे, अभय पारख, सेवक उइके, ताराचंद साहू नरेश साहु आदि मौजूद रहे।

# सहकारिता के माध्यम से किसानों के जीवन में आ रही खुशहाली एवं परिवर्तन - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा आयोजित सहकारी सम्मेलन में शिरकत की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कृषक यहां सहकारी सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में बहुत ताकत है। सहकारिता के माध्यम से किसानों के जीवन में खुशहाली एवं परिवर्तन आ रहे है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की थी तथा किसानों को ऋण देने की व्यवस्था की थी। छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया गया, जिससे उनके जीवन में खुशहाली आयी। किसानों का जीवन पहले अधिया की भरपायी करते हुए निकल जाता था और साहुकारों के चंगुल में फंसकर ब्याज देते-देते परेशान हो जाते थे। सहकारिता एक चमत्कार है और केंद्रीय सहकारिता बैंक से चारों जिले के 5 लाख 40 हजार किसान सहकारिता से लाभान्वित हो रहे हैं। उनके जीवन में सहकारिता से जुडने़ पर महत्वपूर्ण परिवर्तन आए है। कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी अंतर्गत रिकार्ड तोड़ धान खरीदी की गई है और लगभग 4559 करोड़ 66 लाख रूपए की राशि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई है। जिले में बैंकिंग सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। एटीएम एवं माईक्रो एटीएम की सुविधा किसानों को मिल रही है। माईक्रो एटीएम के तहत पहले किसान 10 हजार रूपए निकाल सकते थे, अब इसकी क्षमता बढ़ाकर 20 हजार रूपए कर दिया गया है। इसी तरह रूपे डेबिट कार्ड से 20 हजार रूपए से क्षमता बढ़ा दी गई अब 40 हजार रूपए तक की राशि आहरण कर सकते है। उन्होंने कहा कि देश के सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता के आंदोलन चल रहे हैं। सहकारिता के माध्यम से गुजरात में अनोखे कार्य किए गए है और अर्थव्यवस्था में परिवर्तन आए है। अमूल डेयरी के माध्यम से गुजरात में सहकारी समितियों ने संगठित होकर बेहतरीन कार्य किया है। इसी सोच के साथ छत्तीसगढ़ में भी सकारात्मक परिवर्तन आना चाहिए और सहकारिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। शासन द्वारा किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है।



○ विधानसभा अध्यक्ष ने सहकारी सम्मेलन में की शिरकत
○ केंद्रीय सहकारिता बैंक से चारों जिले के 5 लाख 40 हजार किसान सहकारिता से हो रहे लाभान्वित
○ कृषक उन्नति योजना के तहत 4559 करोड़ 66 लाख रूपए की राशि किसानों के बैंक खाते में की गई अंतरित
○ जिले में बैंकिंग सुविधाओं में हुई बढ़ोत्तरी

वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि देश के विकास के लिए जय जवान-जय किसान का अह्वान किया गया। किसान देश का सम्मान है और किसानों से देश की उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है और सभी सहकारिता से जुड़े है। सहकारिता का यह आंदोलन जन-जन तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप हमारा देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2058 पैक्स है और कॉमन सर्विस सेंटर में सुविधाएं दी जा रही है। 532 नये पैक्स का गठन किया गया है। जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समिति होनी चाहिए, ताकि किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज समिति, मत्स्य समिति, लघु समिति, डेयरी समिति सहित अन्य समितियों का गठन किया जा रहा है। जिससे किसान आर्थिक दृष्टि से सक्षम बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लगातार किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रहे है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है तथा रिकार्ड धान की खरीदी हुई है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों का उपयोग करने तथा स्वदेशी को बढ़ावा देने की बात कही। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में बैंकिंग सुविधाओं में वृद्ध हुई है। एटीएम की सुविधा बढ़ी तथा कम्प्यूटरीकरण से कार्यों में तेजी आयी है। किसानों की आय में वृद्धि हुई, बैंक खाते खुले तथा बचत एवं सहभागिता की प्रवृत्ति बढ़ी। सब मिलकर एवं संगठित होकर एक साथ कोई बड़ा कार्य करते है, तो वह सफल होता है। गुजरात में अमूल के नाम से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता की ताकत दिखाई दी। जिले में बैंकों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने किसानों की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि बैंक की अंशपूंजी 31 मार्च 2024 पर 19244.60 लाख रूपए थी, जो 31 मार्च 2025 में बढ़कर 20557.82 लाख रूपए हो गई है अर्थात अंशपूंजी में 1313.22 लाख रूपए की वृद्धि हुई है। निधियों में 5636.66 लाख रूपए की वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2025 पर बैंक का शुद्ध लाभ 2123.56 लाख रूपए एवं संचित लाभ 5830.43 लाख रूपए है। 31 मार्च 2025 पर बैंक का एनपीए 4244.25 लाख रूपए है, जो कुल ऋण का 6.24 प्रतिशत है। बैंक द्वारा वर्ष 2024-25 में कृषकों को 160529.88 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया है। बैंक के कार्यक्षेत्र में कुल 275 खाद केन्द्र संचालित है। जिसके माध्यम से कृषकों को खाद उठाव करने में सुविधा प्राप्त हो रही है। साथ ही कुल 282 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से शासन द्वारा धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 80 प्रतिशत आबादी प्राथमिक साख समितियों से जुड़ी हुई है।

इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक केदार नाथ गुप्ता, जिपं. अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिपं अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, विनोद खांडेकर, कोमल जंघेल, मोतीलाल चंद्रवंशी, रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, प्रदीप गांधी, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, राजेंद्र चंद्रवंशी, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सुरेश एच.लाल, राजेन्द्र गोलछा सहित राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

# जीएसटी सुधारों से उपभोक्ताओं को राहत और व्यापारियों को ताकत-कैट

राजनांदगांव (दावा)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी में किए गए हालिया सुधारों को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताया है। कैट के राष्टीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि ये सुधार छोटे व्यापारियों, उपभोक्ताओं और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद फायदेमंद साबित होंगे।

### आम आदमी को बड़ी राहत

कैट के अनुसार 400 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी दरें कम होने से आम आदमी के रोजमर्रा के खर्चों में कमी आएगी। श्री पारवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए इसे देश को बड़ा दिवाली उपहार बताया। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार इन सुधारों से आगामी त्योहारी सीजन में खपत में 7-8त्न की वृद्धि होने का अनुमान है। जिससे छोटे दुकानदारों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

### मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों को फायदा

एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इससे स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम सस्ते होंगे, जिससे महामारी के बाद बढ़ती स्वास्थ्य लागत से जूझ रहे आम परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह कदम बीमा कवरेज को भी बढ़ावा देगा।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

कैट का मानना है कि कम जीएसटी दरें उपभोक्ताओं को अधिक खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करेंगी, जिससे बाजार में मांग बढ़ेगी। यह बढ़ती मांग छोटे व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए फायदेमंद होगी। इसके अलावा, उपभोग बढ़ने से औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कर दरों के सरल होने से जीएसटी का अनुपालन भी आसान और सस्ता हो जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इन सुधारों से भारत की जीडीपी में 0.5 प्रतिशत से 0.7 प्रतिशत तक की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है। कैट ने इन सुधारों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है, जिसका असर पूरे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति पर साफ दिखाई देगा।





















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com